गुरुवार, 6 नवम्बर 2025

Epaper.samagya.in

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।

# समाज्ञा

कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 23 – 31 |
| आर्द्रता | 80% |
| सूर्योदय: 5:43 | सूर्यास्त: 16:57 |



उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में ट्रेन की चपेट में आने से छह महिलाओं की मौत पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** जो जितना बड़ा ठग होगा, वह उतना ही बड़ा प्रेमी।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# रक्षा बलों में आरक्षण की मांग कर अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं राहुल: राजनाथ सिंह

**बांका/जमुई/गयाजी :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ''रक्षा बलों में आरक्षण की मांग कर देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।'' सिंह ने बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता के पास अब तालाब में कूदने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने हाल में कांग्रेस नेता के चुनावी अभियान के दौरान मछली पकड़ने की कोशिश पर तंज कसा। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि राहुल गांधी बिना किसी आधार के निर्वाचन आयोग जैसे संवैधानिक संस्थानों पर निशाना साध रहे हैं। बिहार के जमुई जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, राहुल जी को क्या हो गया है? वे रक्षा बलों में आरक्षण की बात उठा रहे हैं। वे देश में



अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे सशस्त्र बल इन सब चीजों से ऊपर हैं। उन्होंने कहा, भारत के सैनिकों का केवल एक धर्म है–'सैन्य धर्म'। भाजपा आरक्षण के पक्ष में है। हमने गरीबों और समाज के पात्र वर्गों को आरक्षण दिया है। राहुल गांधी ने मंगलवार को बिहार में चुनावी सभाओं के दौरान दावा किया था कि निजी क्षेत्र, न्यायपालिका, नौकरशाही और सशस्त्र बलों में पिछड़ी जातियों, आदिवासी समुदायों और अल्पसंख्यकों का बहुत कम प्रतिनिधित्व है, जबकि 10 प्रतिशत आबादी इन संस्थानों पर नियंत्रण रखती है। सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि देश चलाना बच्चों का खेल नहीं है। उन्होंने पुलवामा जैसे आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा की गई 'ऑपरेशन सिंदूर' की कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा, ऑपरेशन सिंदूर को रोका गया है, खत्म नहीं किया गया। अगर आतंकवादी भारत पर फिर हमला करने की कोशिश करेंगे तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। सिंह ने कहा, हमारे सैनिकों ने आतंकवादियों को धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि उनके कर्मों के आधार पर मारा। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकियों के ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया... मैं मारे गए आतंकवादियों की संख्या नहीं बताना चाहता, पर यह तीन अंकों से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि भारत किसी को उकसाता नहीं है, लेकिन अगर कोई देश भारत को उकसाने की कोशिश करता है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। सिंह ने कहा कि अब भारत एक कमजोर देश नहीं रहा, बल्कि दुनिया में एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में जाना जाता है।

## सात नवंबर को 'निसार' उपग्रह के परिचालन शुरू करने की घोषणा की जाएगी : इसरो प्रमुख

**नयी दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि इसरो और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' द्वारा संयुक्त रूप से विकसित 'निसार' उपग्रह के परिचालन शुरू करने की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। 'नासा–इसरो सिंथेटिक ऐपर्चर रडार' (निसार) को अब तक का सबसे महंगा पृथ्वी अवलोकन उपग्रह कहा जाता है। यह उपग्रह पृथ्वी की अधिकतर भूमि और बर्फीली सतहों पर हर 12 दिनों में दो बार निगरानी की क्षमता रखता है।

# आज से ऑनलाइन भी मतदाता पंजीकरण फॉर्म भर सकेंगे, चुनाव आयोग ने की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग ने घोषणा की कि पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत अब गुरुवार की सुबह से मतदाता सूची में नाम जोड़ने या सुधार के फॉर्म ऑनलाइन भी उपलब्ध होंगे। यह व्यवस्था उन मतदाताओं के लिए है, जो अपने घरों पर मौजूद नहीं हैं या जिन्हें बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) से फॉर्म नहीं मिल पा रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की नई वेबसाइट https://ceowest-bengal.wb.gov.in और ECINET मोबाइल ऐप पर यह सुविधा गुरुवार से उपलब्ध होगी। मतदाता फॉर्म को डाउनलोड कर सकते हैं, उसे भर सकते हैं और फिर पोर्टल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार अपलोड कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी कारणों से वेबसाइट में समस्या आ रही थी, जिसे अब ठीक कर लिया गया है। आयोग ने कहा कि जब यह सुविधा शुरू हो जाएगी, तो मतदाता उसी तरह ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे जैसे वे ऑफलाइन भरते हैं। आयोग ने कहा कि आने वाले दिनों में इस तरह की ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रक्रिया अन्य जिलों में भी जारी रहेगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जोड़ने और मतदाता सूची को सटीक बनाने का काम तेजी से पूरा किया जा सके।

## राज्य में एसआईआर प्रक्रिया के लिये अब तक 84 लाख से अधिक फॉर्म वितरित



राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत, राज्य भर में अब तक 84 लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए गए। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बता दें कि राज्य में एक महीने तक चलने वाली यह कवायद मंगलवार को शुरू हुई और चार दिसंबर तक चलेगी। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार की शाम 4 बजे तक बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा 84 लाख से अधिक गणना फॉर्म वितरित किए गए। अधिकारी ने कहा कि गत मंगलवार को राज्य में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। यदि किसी बीएलओ के विरुद्ध कोई प्रतिरोध की सूचना मिलती है, तो हम तुरंत जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) को जांच करने का निर्देश देते हैं। अधिकारी ने बताया कि अब तक लगभग 7.66 करोड़ गणना प्रपत्र तैयार किए जा चुके हैं और प्रत्येक मतदाता को इसकी दो प्रतियां मिलेंगी।

# आज से कोलकाता फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत


### ममता करेंगी उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** 31वें कोलकाता अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (केआईएफएफ) का शुभारंभ गुरुवार से होगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी धनधान्य ऑडिटोरियम में इसका उद्घाटन करेंगी। हर साल की तरह इस साल भी देश–विदेश की कई उच्च–गुणवत्ता वाली फिल्में प्रदर्शित होंगी। इस बार, फोकस देश पोलैंड है। 31वां कोलकाता अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 6 से 13 नवंबर तक चलेगा। इस साल भी गौतम घोष फिल्म महोत्सव के अध्यक्ष और प्रोसेनजीत चटर्जी सह–अध्यक्ष हैं। इस वर्ष के फिल्म महोत्सव में भारत सहित 39 देशों से चुनी गई 215 फिल्में दिखाई जाएंगी। इनमें से 185 पूर्ण लंबाई वाली और 30 लघु फिल्में हैं। इस वर्ष 18 भारतीय भाषाओं और 30 विदेशी भाषाओं की फिल्में दिखाई जाएंगी। कोंकणी, बोरो, तुलु, संताली समेत विभिन्न बोलियों की फिल्में दिखाई जाएंगी। विभिन्न श्रेणियों में कई फिल्म प्रतियोगिताएं और पुरस्कार भी होंगे। हर साल की तरह इस साल भी एक सिने अड्डा का आयोजन किया जाएगा, जिसे राज्य के मुख्यमंत्री ने गाने गाने सिनेमा नाम दिया है। ऋत्विक घटक की कई फ़िल्में उनके शताब्दी समारोह के अवसर पर प्रदर्शित की जाएंगी। इसके अलावा, रमेश सिप्पी शोले की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर सत्यजीत रे स्मृति व्याख्यान देंगे।

## देव दीपावली



शिवपुर घाट, हावड़ा में देव दीपावली का अद्भुत और मनमोहक दृश्य, घाट दीपों की रौशनी से जगमगा उठा। (फोटो : कुणाल मलिक )



25 लाख दीपों से रोशन हुई काशी, अद्भुत लेजर शो से आलोकित हुए 84 घाट

# महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में फरार आरोपी का पता लगाए ईडी: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को महादेव सट्टेबाजी ऐप के सह–संस्थापक रवि उप्पल का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। वह दुबई से भागकर किसी अज्ञात स्थान पर चला गया है। न्यायालय ने कहा कि सफेदपोश अपराध के आरोपियों के लिए अदा–लतों और जांच एजेंसियों को ''खिलौना बनाने'' नहीं दिया जा सकता है। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी उप्पल के कानून से बचने पर गंभीर नाराजगी जताई और कहा, ''यह अदालत के विवेक को झकझोरता है, अब कुछ करना ही होगा।'' बताया जाता है कि भारत में प्रवर्तन एजेंसियों से बच रहा उप्पल दुबई से किसी अज्ञात स्थान पर भाग गया है, जिसकी वजह से संयुक्त अरब अमीरात प्राधिकारियों ने उसकी प्रत्यर्पण प्रक्रिया रोक दी। न्यायालय ने कहा, ''ऐसे अपराधियों के लिए अदालतें और एजेंसियां खिलौना नहीं हैं। ईडी उसे जल्द खोजे और गिरफ्तार करे।'' शीर्ष अदालत उप्पल की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उसने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के 22 मार्च के आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने उसे रायपुर की निचली अदालत में लंबित धन शोधन मामले की सुनवाई में शामिल होने का निर्देश दिया था। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने न्यायालय को बताया कि उप्पल 2023 में दुबई में हिरासत में था लेकिन अब वहां से भाग निकला है। उन्होंने कहा कि ऐसे आर्थिक अपराधी अक्सर उन देशों में छिप जाते हैं जिनसे भारत की प्रत्यर्पण संधि नहीं है, जैसे ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 14 नवंबर के लिए निर्धारित कर दी, क्योंकि उसके वकील ने समय मांगा था। पीठ ने वकील से कहा कि वह उप्पल को भारत लौटने और कार्यवाही का सामना करने के लिए राजी करें। उप्पल को दिसंबर 2023 में इंटरपोल नोटिस के आधार पर दुबई में हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में उसे निगरानी में रिहा कर दिया गया। ईडी का कहना है कि उप्पल और उसके साथी सौरभ चंद्राकर ने 2018 में महादेव सट्टेबाजी ऐप शुरू किया था, जिसके जरिए अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी होती थी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम से अपने निवास पर मुलाकात की और विश्व कप में लगातार तीन हार के कठिन दौर से गुजरने के बाद 'दृढता और शानदार वापसी' के लिये खिलाड़ियों की तारीफ भी की। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 2017 में ट्रॉफी के बिना प्रधानमंत्री से हुई मुलाकात को भी याद किया। उन्होंने कहा कि अब वे ट्रॉफी के साथ मिल रहे हैं और आगे भी मिलते रहना चाहेंगे। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें प्रेरित किया है और उन सभी के लिये प्रेरणास्रोत रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम प्रधानमंत्री से मिलने मंगलवार की शाम यहां पहुंची थी। भारत ने रविवार को नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार आईसीसी खिताब जीता।


# भारत–जापान साझेदारी हिंद–प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ाती है : जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत–जापान साझेदारी हिंद–प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक स्थिरता को बढ़ाती है और वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास में योगदान देती है। जयशंकर ने कहा कि ''स्वतंत्र और खुला'' हिंद–प्रशांत क्षेत्र बनाए रखना बेहद जरूरी है, लेकिन यह एक जटिल चुनौती भी है। वह 'दिल्ली पॉलिसी ग्रुप' और 'जापान इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स' द्वारा आयोजित भारत–जापान हिंद–प्रशांत मंच को संबोधित कर रहे थे। जयशंकर ने कहा, ''पिछले कुछ दशकों में हमारी साझेदारी और गहरी हुई है। यह हिंद–प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक स्थिरता को बढ़ाने और वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास में योगदान देने का काम करती है।'' उन्होंने कहा, ''स्वतंत्र और खुला हिंद–प्रशांत क्षेत्र बनाए रखना अनिवार्य है, लेकिन यह एक जटिल चुनौती भी है।''

Suffering from hip or Knee pain?
Ask Dr. Santosh

ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी आपको सामान्य स्थिति में वापस ला सकती है, जब सटीकता के साथ की जाये –डॉ संतोष कुमार

प्रश्न: घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण की आवश्यकता किसे है?
डॉ. कुमार: आम तौर पर घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण जैसे कि एसीएल पुनर्निर्माण आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया द्वारा किया जाता है जो युवा सक्रिय लोगों के लिए उपयोग किया जाता है। वृद्ध लोगों के लिए जिसे गठिया पहले से ही हो चुका होता है, तो उनके लिए आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया की कोई भूमिका नहीं होती है।
प्रश्न: विस्कोसप्लिमेंटेशन कितना उपयोगी है?
डॉ. कुमार: विस्कोसप्लिमेंटेशन का अर्थ है अत्यधिक क्रॉस लिंक्ड उच्च आणविक भार हायलूरोनिक एसिड का इंजेक्शन जो घुटने का प्राकृतिक स्नेहक है। मेरी राय में, इसकी भूमिका बहुत अधिक नहीं है लेकिन निश्चित रूप से यह एवस्कुलर नेक्रोसिस आदि को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है।
प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता किसे है?
डॉ. कुमार: जब कूल्हे या घुटने के प्रतिस्थापन गठिया अपने दर्द, प्रतिबंधित गतिविधियों, अस्थिरता या विकृति के माध्यम से दैनिक जीवन, सामाजिक गतिविधियों, पेशेवर या व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करना शुरू कर देता है, तो व्यक्ति को जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता होती है।
प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सही उम्र क्या है?
डॉ. कुमार: जब भी दैनिक जीवन की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है, चाहे उम्र कुछ भी हो, तो जॉइंट रिप्लेसमेंट पर विचार करना चाहिए। जॉइंट रिप्लेसमेंट में देरी करने से सर्जरी अधिक मुश्किल हो जाती है और रिकवरी में देरी होती है, लेकिन इसे जरूरत से पहले भी नहीं किया जाना चाहिए।



Joint Replacement Surgeon Dr Santosh Kumar With world's latest Navigation System Orthopilot

प्रश्न: गठिया के प्रकार क्या हैं?
डॉ कुमार: अधिकांश गठिया उम्र से संबंधित होते हैं, घिसने के कारण होते हैं, लेकिन विभिन्न विशिष्ट गठिया पूर्ण घुटने को मोड़ने में अधिक समय लगता है, जो कम उम्र में प्रभावित कर सकते हैं जैसे किशोर गठिया, एंकिलॉजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, युवा गठिया वाले लोग ज्यादातर हिप गठिया से पीड़ित होते हैं।
प्रश्न: प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण की उम्र क्या है?
डॉ. कुमार: बेशक, इसे फिर से किया जा सकता है। प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण ज्यादातर सीमेंटेड होते हैं और इनके औसतन 20 से 30 साल तक चलने की उम्मीद की जाती है।
प्रश्न: क्या जॉइंट प्रतिस्थापन सर्जरी दूसरी बार की जा सकती है?
डॉ. कुमार: बेशक हां, इसे फिर से किया जा सकता है और इसे रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट कहा जाता है जो पहले या प्राथमिक जॉइंट रिप्लेसमेंट जितना ही सफल होता है।
प्रश्न: सर्जरी के परिणाम को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक क्या है?
डॉ कुमार: सबसे महत्वपूर्ण सर्जिकल तकनीक, विशेषज्ञता सर्जन व टीम का अनुभव है।
प्रश्न: क्या घुटने के प्रतिस्थापन के बाद हम पालथी मार कर बैठ सकते हैं?
डॉ कुमार: हां, हमारे पास उच्च फ्लेक्सन घुटने के प्रत्यारोपण और बेहतर सर्जिकल तकनीक हैं जो व्यक्ति को बेड, सोफा आदि चीजों पर पालथी मार कर बैठने में सक्षम बनाती हैं लेकिन अगर सर्जरी से पहले घुटना काफी अकड़ा रहा होगा, तो घुटने के पूरे मोड़ को ठीक करने में अधिक समय लगेगा।
प्रश्न: घुटने के प्रतिस्थापन के बाद किन गतिविधियों को करने की अनुमति है?
डॉ कुमार: अधिकांश गतिविधियां जैसे अप्रतिबंधित पैदल चलना, सीढ़ियां चढ़ना, साइकिल चलाना, ड्राइविंग, तैराकी आदि की अनुमति होगी। वहीं रस्सी कूदना, स्काटिंग जैसी उच्च प्रभाव वाली गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।







प्रश्न: फ्रैक्चर नेक फीमर का उपचार क्या है?
डॉ. कुमार: फ्रैक्चर नेक फीमर दो प्रकार का होता है, इंट्राकैप्सुलर और एक्स्ट्रास्कैपुलर। इंट्राकैप्सुलर फ्रैक्चर एक आपात स्थिति है और इसे जल्द ही ठीक करने की जरूरत होती है लेकिन कई मामलों में जब उम्र अधिक हो या जब ऑस्टियोपोरोसिस की आशंका हो, तो हमें जॉइंट को बदलने की जरूरत पड़ सकती है जो कि पूर्ण या आंशिक हो सकता है। एक्स्ट्रास्कैपुलर फ्रैक्चर को हमें कील या प्लेट से ठीक करने की जरूरत होती है।
प्रश्न: हिप रिप्लेसमेंट के लिए सबसे अच्छा इम्प्लांट कौन सा है?
डॉ. कुमार: सबसे अच्छा इम्प्लांट नाम की कोई चीज नहीं होती है। परिणाम अच्छे होते हैं और सर्जिकल की सटीकता पर लॉंजिविटी निर्भर करती है। बेहतर गतिशीलता और स्थिरता के लिए हमारे पास बड़े सिर वाले हिप इम्प्लांट हैं। हमारे पास हड्डी के विकास के लिए छिद्रयुक्त लेपित इम्प्लांट हैं जिन्हें अनसीमेंटेड फिक्सेशन के रूप में जाना जाता है। गतिविधियां मुख्य रूप से दो हैं।
प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सफलता दर क्या है
डॉ. कुमार: अच्छी तरह से जॉइंट रिप्लेसमेंट के बाद सर्जन और टीम के हाथों में निर्भर करती है जो इसे दैनिक रूप से करते हैं। चूंकि यह परिशुद्धता आधारित सर्जरी है, इसलिए अच्छी परिशुद्धता अच्छे परिणाम देती है।

Dr. Santosh Kumar Hip & Knee Foundation
Chamber : Plot No 332, Laketown, Block A, Kolkata-700 089
Belle Vue Clinic- Kolkata ● www.mykneemylife.org ● www.facebook.com / Dr.santoshkumar.orthousurgeon
● WhatsApp : 09831911584 ● Email : santdr@gmail.com
● FREE online Consultation Link : bit.ly/consultdrsantosh
Call for Appointment : 9831911584 / 9831266632 ● Experience of Treating 35000+Patients in 18+Years

# घूस के पैसे से शेयरों में निवेश कर कमाया मुनाफा भी अपराध से अर्जित आय है : उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि घूस के पैसे से शेयर बाजार में निवेश करके कमाए गए मुनाफे को अपराध से अर्जित आय माना जाएगा और यह धन शोधन अपराध है। अदालत ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति ने रिश्वत की राशि से निवेश किया है, तो उसकी कीमत बढ़ने पर भी उस धन का अवैध स्रोत शुद्ध नहीं हो जाता और यह बढ़ी हुई राशि भी उसी अवैध स्रोत से जुड़ी होती है। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने तीन नवंबर को दिए फैसले में कहा, ''धन शोधन एक सतत अपराध है, जो केवल अवैध धन अर्जित करने की प्रारंभिक क्रिया तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें उस धन के विभिन्न लेनदेन भी शामिल है।''




पीठ ने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि कोई सरकारी अधिकारी रिश्वत लेकर उसे शेयर बाजार, रियल एस्टेट या मादक पदार्थ के धंधे में लगाता है, तो धन की अवैधता समाप्त नहीं होती और ऐसी पूरी राशि जब्ती योग्य होती है। अदालत ने कहा, ''यदि रिश्वत का पैसा शेयर बाजार में निवेश कर दिया जाए और बाद में उसका मूल्य बाजार परिस्थितियों के कारण बढ़ जाए, तो पूरा बढ़ा हुआ धन भी अपराध से अर्जित आय माना जाएगा।'' यह फैसला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अपील पर दिया गया, जिसमें उसने फतेहपुर कोल ब्लॉक आवंटन से संबंधित मामले में एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी थी। ईडी ने यह कहते हुए लगभग 122.74 करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया था कि कंपनी एम/एस प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने धोखाधड़ी से कोल ब्लॉक आवंटन प्राप्त किया और शेयरों की गलत जानकारी देकर शेयर की कीमतें बढ़ाईं।

## अमीरों की समृद्धि में भी भारी वृद्धि

उदारीकरण व वैश्वीकरण के दौर के बाद पूरी दुनिया में आर्थिक असमानता अपने चरम पर जा पहुंची है। एक तरफ लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सड़कों पर उतर रहे हैं तो दूसरी ओर अमीर से और अमीर होते लोगों की विलासिता के किस्से तमाम हैं। जिस बात की पुष्टि स्वतंत्र विशेषज्ञों के जी-20 पैनल द्वारा किए एक अध्ययन के निष्कर्षों में की गई है। इस अध्ययन के अनुसार, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर असमानता भयावह स्तर तक जा पहुंची है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2000 और 2024 के बीच दुनिया भर में बनी नई संपत्तियों का बड़ा हिस्सा दुनिया के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों के पास है। जबकि निचले स्तर की आधी आबादी के हिस्से में एक प्रतिशत ही आया है। निस्संदेह, भारत भी इस स्थिति में अपवाद नहीं है। देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों ने केवल दो दशक में अपनी संपत्ति में 62 फीसदी की वृद्धि की है। दुनिया की इस चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमीर लगातार अमीर होते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गरीब गुरबत के दलदल से बाहर आने के लिए छटपटा रहे हैं। इस आर्थिक असमानता का ही नतीजा है कि अमीर व गरीब के बीच संसाधनों का असमान वितरण और बदतर स्थिति में पहुंच गया है। निस्संदेह, पैनल की हालिया रिपोर्ट नीति-निर्माताओं को असमानता के इस बढ़ते अंतर को पाटने के तरीके तलाशने और नये साधन खोजने के लिये प्रेरित करेगी। पिछले ही हफ्ते, केरल सरकार ने दावा किया था कि राज्य ने अत्यधिक गरीब तबके की गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने इन दावों को लेकर संदेह जताया है। वहीं दूसरी ओर राज्य के विपक्ष ने भी इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद राज्य में जन-केंद्रित विकास और सामुदायिक भागीदारी के लाभों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निस्संदेह, इस पहल ने हजारों अत्यंत गरीब परिवारों को भोजन, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका के बेहतर साधनों तक पहुंचने में मदद की है।

इसमें दो राय नहीं कि यदि सरकारें वोट बैंक की राजनीति से इतर ईमानदारी से पहले करें तो गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक पहल की जा सकती है। चुनाव से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की तेजी से बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। यह एक हकीकत है कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं हो सकती। इस तरह की लोकलुभावनी कोशिशों से राज्यों का वित्तीय घाटा ही प्रभावित होता है। जिसकी कीमत लोगों को विकास योजनाओं से दूर रहकर ही चुकानी पड़ती है। जनता को मुफ्त में सुविधाएं देने के बजाय ऋण व अनुदान से उत्पादकता बढ़ाकर उन्हें स्वावलंबी बनाना होगा। प्रत्येक चिन्हित गरीब परिवार के लिए सूक्ष्म योजनाएं तैयार करना और उन्हें क्रियान्वित करना उचित होगा। निस्संदेह, देश के अन्य राज्य भी अपनी जरूरतों और परिस्थितियों के अनुसार केरल के मॉडल को अपना सकते हैं। इसमें केंद्र व राज्य सरकारों को अनुकूल आंकड़ों का सहारा लेना भी जरूरी होगा। इस साल की शुरुआत में, विश्व बैंक ने बताया था कि भारत 2011-12 और 2022-23 के बीच 17 करोड़ लोगों को गरीबी की दलदल से बाहर निकालने में सफल रहा है। केंद्र सरकार ने अपने काम के लिये खुद की पीठ भी थपथपाई थी। हालांकि, गरीबी के अनुमानों की रिपोर्टिंग की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाये गए थे। निर्विवाद रूप से सभी हितधारकों को यह तथ्य समझना होगा कि केवल संख्याएं ही पूरी तस्वीर को नहीं उकेर सकती हैं। गरीबी कम करने के प्रयासों के दावों के मुताबिक जमीनी स्तर पर गुणात्मक बदलाव नजर भी आना चाहिए। हालांकि, अर्थशास्त्री आमतौर पर संपत्ति कर लगाने के पक्षधर नहीं होते हैं, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अति-धनी लोग सरकारी खजाने में अपना उचित योगदान दें। अब चाहे कोई अमीर हो या गरीब, सबका ध्यान विकास पर केंद्रित किया जाना चाहिए। तभी देश उत्पादकता के क्षेत्र में आगे बढ़कर गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकता है। यह पहल ही विकसित भारत के सपने को साकार करने में मददगार साबित हो सकती है।

# अब्बा डब्बा जब्बा नहीं, अब अप्पू टप्पू पप्पू....



सुशील कुमार

वर्ष 1997 में एक फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म का नाम था 'जुदाई'। मुख्य रोल में थे सुपरस्टार अनिल कपूर और लेडी सुपर स्टार श्रीदेवी। दोनों सुपरस्टारों के साथ जबरदस्त भूमिका में थी रंगीला गर्ल उर्मिला मातोंडकर। जो लोग 40 से बड़ी उम्र के है, अधिकांश फिल्मप्रेमियों ने ये फिल्म टीवी या सिनेमा में अवश्य देखी होगी। फिल्म की कहानी तो उस समय की सुपरहिट थी ही, सो उसकी चर्चा करने की जरूरत ही नहीं है। जरूरत है फिल्म के एक सुपरहिट डायलॉग 'अब्बा डब्बा जब्बा' पर चर्चा करने की। मूक बधिर महिला के निभाए गए आइकॉनिक रोल में इस डायलॉग ने उपासना सिंह को रातों रात सुर्खियों में ला दिया था। वैसे आज के समय में उपासना सिंह किसी परिचय की मोहताज नहीं है।

आप भी सोच रहे होंगे कि इस डायलॉग की आज 28 वर्ष बाद अचानक कैसे याद हो आई। तो सुनिए बिहार में गुरुवार 6 नवंबर और 11 नवंबर को चुनाव होना है। बिहार की कुल 243 सीट पर दो चरण में चुनाव हो रहे हैं। लगभग 7.43 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। देश की राजनीति में बिहार की बड़ी भूमिका रहती है। इसलिए भाजपा गठबंधन और कांग्रेस गठबंधन जीत के लिए अपना पूरा जोर लगाए हुए है। 121 सीटों के लिए प्रचार थम चुका है। शेष 122 सीटों के लिए 9 नवंबर तक आरोप प्रत्यारोपों का दौर जारी रहेगा। 11 नवंबर को द्वितीय चरण के मतदान के बाद परिणाम 14 नवंबर को आयेगा।

अब सीधे मुद्दे पर आते हैं। चुनाव कोई भी हो चटखारे लेने में कोई कर कसर नहीं छोड़ता। मोदी विरोधी हर मंच से जुमलेबाज, वोट चोर तो कहते ही है। साथ में दो चार तंज और भी छोड़ देते हैं। इसी क्रम में कसर मोदी भी नहीं छोड़ते। जहां मौका लगता है, वहीं तरकश से तीर छोड़ देते है। इस बार मोदी से ज्यादा तो यूपी वाले बाबा जी(योगी आदित्यनाथ) चुनावी मैदान में छक्के पे छक्का मारे जा रहे हैं। नया डायलॉग है पप्पू, अप्पू और टप्पू।

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिहार की धरती से न केवल पटना की राजनीति को नहीं साध रहे, बल्कि दिल्ली तक की विपक्ष की राजनीति को निशाने पर ले रहे हैं।। हाल ही में उन्होंने बातों-बातों में विपक्ष के तीन बड़े चेहरों पर पप्पू, अप्पू और टप्पू का ऐसा डायलॉग मारा है जो लगातार चर्चा में है। उन्होंने बिना नाम लिए इन तीन चेहरों में कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और बिहार में विपक्ष के सीएम फेस राजद नेता तेजस्वी यादव को गांधी जी के तीन बंदरों से इनका उदाहरण दिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज गांधी जी के तीन बंदरों की तरह बिहार के महागठबंधन में भी तीन बंदर हैं। पप्पू, अप्पू और टप्पू। पप्पू सच बोल नहीं सकता, अप्पू सच सुन नहीं सकता और टप्पू सच देख नहीं सकता। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह तीनों (पप्पू, टप्पू और अप्पू) बंदर न सच देखते हैं, न सुनते हैं, न बोलते हैं। कुछ भी हो डायलॉग जबरदस्त ट्रेंड में है।

खैर जो कहा सो कह दिया। लोकतंत्र में सबको बोलने की आजादी है। इन्होंने छक्का मारा है तो मौका लगेगा तो वो भी पीछे नहीं रहेंगे। अथर्ववेद में लिखा गया यह सूक्त आज के समय प्रासंगिक जान पड़ता है।

**मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन्, मा स्वसारमुत स्वसा। सम्यञ्चः सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया।।**

इसका अर्थ है कि भाई, भाई से द्वेष न करें, बहन, बहन से द्वेष न करें, समान गति से एक-दूसरे का आदर- सम्मान करते हुए परस्पर मिल-जुलकर कर्मों को करने वाले होकर अथवा एकमत से प्रत्येक कार्य करने वाले होकर भद्रभाव से परिपूर्ण होकर संभाषण करें।

पुराने समय की बात करें तो राजनीति में भाषा कभी जन-जागरण का माध्यम होती थी। नेता जो बोलते थे वो मर्यादित बोलते थे। आज ट्रेंडिंग का जमाना है। ऐसा बोलो कि समाचार पत्रों और टीवी चैनलों की सुर्खियां तो बने ही साथ में पब्लिक भी इसे खूब सर्कुलेट करे। यदि ये कहें कि राजनेता आज विचार सर्कुलेट नहीं करते अपितु चुनावी रंगमंच में डायलॉग डिलिवरी करते हैं। किसी नेता के संबोधन की जान 'पप्पू' है, किसी के लिए 'चोर'। थोड़ा आगे बढ़े तो कोई फ्री की रेवड़ी बोल अपना वक्तव्य पूरा कर लेता है तो कोई ठगबंधन। फ्लैश बैक में जाएं तो किसी समय अटल बिहारी वाजपेयी का 'हार नहीं मानूंगा' समर्थकों में जोश से भर देता था। अब जोश भाषण से वही कटाक्षों से भरे जाने लगे हैं। ये बात सही है कि सुर्खियों के लिए डायलॉग जरूरी हैं, लेकिन जब मुद्दे छोड़ डायलॉग ही एजेंडे बन जाएं तो जनता वही महसूस करेगी जो उपासना सिंह ने 'जुदाई' में कहा था- 'अब्बा डब्बा जब्बा' अर्थात् बहुत कुछ कहोगे पर कुछ समझ में नहीं आएगा। भगवतगीता का प्रसिद्ध श्लोक इसे और सारगर्भित कर देगा। गीता में कहा गया है -

**यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः। स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।**

भाव है को श्रेष्ठ पुरुष जो आचरण करते हैं, दूसरे मनुष्य (आम इंसान) भी वैसा ही आचरण, वैसा ही काम करते हैं। वह (श्रेष्ठ पुरुष) जो प्रमाण या उदाहरण प्रस्तुत करता है, समस्त मानव-समुदाय उसी का अनुसरण करने लग जाते हैं।

# बिहार : क्या यही है 'सुशासन' के दावों की हक़ीक़त ?



निर्मल रानी

बिहार विधानसभा चुनाव अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। दावों प्रतिदावों और आरोपों व प्रत्यारोपों का दौर अपने चरम पर है। सत्ता की तरफ़ से चुनाव जीतने के लिये सबसे अधिक ज़ोर लगाया जा रहा है। हरियाणा सहित कई अन्य भाजपा शासित राज्यों से तो बिहारी मतदाताओं को विशेष ट्रेन्स द्वारा मतदान करने हेतु बिहार भेजा जा रहा है। उधर भाजपा स्टार प्रचारक नीतीश सरकार को 'सुशासन' व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के रूप में प्रचारित करते नहीं थक रहे। परन्तु सुशासन व भ्रष्टाचार मुक्त बिहार के इन्हीं दावों के बीच कुछ ऐसे सनसनीख़ेज़ रहस्योद्घाटन हो रहे हैं व घटनायें घटित हो रही हैं जिन्होंने बिहार में 'सुशासन' व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की क़लई खोल कर रख दी है। हैरानी की बात तो यह है कि इसतरह के खोखले दावों की हवा निकालने में किसी सत्ता विरोधी दल या विपक्ष की कोई भूमिका नहीं है बल्कि स्वयं भाजपा-जे डी यू के नेता ही इस 'क़लई खोल अभियान' के मुख्य सूत्रधार हैं।

सबसे पहले तो ज़िक्र करते हैं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजकुमार सिंह (आरके सिंह) के बयानों का। आर के सिंह बिहार के आरा से दो बार सांसद रह चुके हैं और मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल में वे ऊर्जा मंत्री थे। उनकी गिनती भाजपा के वरिष्ठ नेता के रूप में होती है। सर्वप्रथम तो आर के सिंह ने चुनाव अभियान के बीच ही गत 20 अक्टूबर को एक वीडियो संदेश जारी कर मतदाताओं से अपील की थी कि वे अपराधी और भ्रष्ट छवि वाले उम्मीदवारों को वोट हरगिज़ न दें। उन्होंने विशेष रूप से जेडीयू के मोकामा से उम्मीदवार अनंत सिंह व भाजपा के तारापुर से उम्मीदवार व बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का नाम लिया था। उस सन्देश में सिंह ने यहां तक कहा था कि ऐसे उम्मीदवारों को वोट देना चुल्लू भर पानी में डूब मरने से भी बदतर है, क्योंकि ये जनता का ख़ून चूस रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि 'आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं को हटाकर ही बिहार का विकास संभव है, और यदि सभी उम्मीदवार ऐसे हों तो मतदाता नोटा का विकल्प चुनें'। सिंह ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले इसी तरह के कुल 8 उम्मीदवारों के नाम लिए। अब आरके सिंह के इस बयान को भाजपा के अंदर सुलग रही बग़ावत की चिंगारी के रूप में देखा जा रहा है।

आर के सिंह के उपरोक्त बयानों पर अभी चर्चा चल ही रही थी कि पिछले दिनों उन्होंने बिजली घोटाला सम्बन्धी एक और बड़ा धमाका कर दिया। उन्होंने बिहार की एनडीए सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। ये आरोप मुख्य रूप से बिहार में बिजली विभाग से जुड़े 62,000 करोड़ रुपये के घोटाले से संबंधित हैं, जो बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के ठीक पहले यानी गत 4 नवंबर को सामने लाये गये हैं। इन आरोपों के अनुसार बिहार सरकार ने एक थर्मल पावर प्लांट के निर्माण के लिए अदानी ग्रुप से सम्बंधित एक कंपनी को अत्यधिक ऊंची क़ीमत पर अनुबंध दिया। इस अनुबंध के तहत कंपनी को 25 वर्षों के लिए बिजली की क़ीमत 6.075 रुपये प्रति यूनिट निर्धारित की गई, जो बाज़ार दर से काफ़ी अधिक है। इससे सरकार को पूंजी की वापसी के साथ-साथ अतिरिक्त लाभ होगा, जो कुल 62,000 करोड़ रुपये का नुक़सान बिहार के बिजली उपभोक्ताओं को पहुंचाएगा। उन्होंने बिहार सरकार के बिजली विभाग के कई अधिकारियों को इस घोटाले के लिये आरोपित करते हुये सीबीआई से इसकी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके। सिंह का आरोप है कि यह घोटाला सीधे तौर पर बिहार के लोगों को प्रभावित करेगा, क्योंकि बिजली के दाम बढ़ेंगे। इससे पहले भी आर के सिंह राज्य की 'सुशासन' कही जाने वाली नीतीश सरकार पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगा चुके हैं। परन्तु चुनावों के बीच उनके द्वारा लगाये जा रहे उपरोक्त गंभीर आरोपों ने बिहार में कोहराम मचा दिया है। विपक्षी महागठबंधन इन आरोपों को अपने हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है।

दूसरी बड़ी घटना केंद्रीय मंत्री ललन सिंह से संबंधित है। गत 4 नवंबरको पटना ज़िला प्रशासन ने ललन सिंह के विरुद्ध एफ़ आई आर दर्ज की है। ललन सिंह ने मोकामा में जेडीयू प्रत्याशी अनंत सिंह जोकि इस समय दुलारचंद यादव हत्याकांड के मामले में बेऊर जेल में बंद हैं के समर्थन में किये जा रहे प्रचार के दौरान एक सभा में कहा कि कुछ नेताओं को वोटिंग के दिन घर में बंद कर दो। घर से उसी को निकलने दो जो हमारे पक्ष में वोट करे। अगर ज़्यादा हाथ-पैर जोड़े तो अपने साथ ले जाकर वोट गिराने देना है। ग़ौर तलब है कि अनंत सिंह की गिरफ़्तारी के बाद ललन सिंह ही उनके चुनाव प्रचार की कमान संभाल रहे थे। विपक्ष ने ललन सिंह के इस बयान को लोकतंत्र पर हमला बताया और कहा कि यह ग़रीब वोटरों को डराने की साज़िश है।

अब इन घटनाओं व बयानों के सन्दर्भ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दावों का ज़िक्र भी ज़रूरी है। एक ओर तो आर के सिंह व ललन सिंह जैसे भाजपा-जे डी यू के केंद्रीय स्तर के नेताओं के बयान बिहार में भ्रष्टाचार,कुशासन व जंगल राज की तस्वीर पेश कर रहे हैं तो दूसरी तरफ़ गृह मंत्री अमित शाह इन्हीं चुनाव प्रचार के दौरान जनसभाओं में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार को 'भ्रष्टाचार मुक्त' सरकार का प्रमाणपत्र दे रहे हैं। शाह के अनुसार नीतीश कुमार पर चवन्नी के भ्रष्टाचार का भी आरोप नहीं लगा है। उनके अनुसार केवल नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार, जिन पर चार आने का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, वे ही बिहार का विकास कर सकते हैं। वे केंद्र में मोदी सरकार के 11 वर्षों और बिहार में नीतीश के 20 वर्षों के शासन को भ्रष्टाचार मुक्त बताते हैं जबकि विपक्ष पर घोटालों का आरोप लगाने के साथ ही लालू यादव के 20 वर्ष पूर्व के कथित 'जंगल राज' की भी याद दिलाना नहीं भूलते। ऐसे में आर के सिंह के व ललन सिंह जैसे सत्ता से जुड़े केंद्रीय नेताओं के ही बयान क्या यह सवाल नहीं खड़ा करते कि क्या यही है बिहार में 'सुशासन' के दावों की हक़ीक़त?

## राज्यों की खबरें

### छत्तीसगढ़ राज्योत्सव पर वायु सेना की टीम का रोमांचक एयर शो

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर बुधवार को नवा रायपुर के संध जलाशय के ऊपर भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित एरोबेटिक 'सूर्यकिरण' की टीम ने रोमांचक एयर शो का प्रदर्शन किया। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह के साथ हजारों लोगों ने अद्भुत और रोमांचक एयर शो का आनंद लिया। नवा रायपुर स्थित संध जलाशय के ऊपर वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने एक के बाद एक कई हवाई करतब दिखाए। आसमान में पंछियों के झुंड की तरह बिल्कुल क्रम से उड़ने वाले लड़ाकू विमानों के माध्यम से वायु सेना के जाबांजों ने अपने नियंत्रण और शौर्य का अद्भुत प्रदर्शन किया। विमानों के माध्यम से जब आकाश में तिरंगा लहराया तो संध जलाशय भारत





माता की जय के नारे से गूंज उठा। एयर शो के दौरान 'सूर्यकिरण' टीम के लीडर ग्रुप कैप्टन अजय दशरथी ने आसमान से छत्तीसगढ़ वासियों को रजत महोत्सव की बधाई दी। वहीं छत्तीसगढ़ निवासी भारतीय वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर गौरव पटेल ने संध जलाशय के ऊपर अपने कॉकपिट से 'जय जोहार' और 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' कहकर दर्शकों का अभिवादन किया। 'सूर्यकिरण' टीम ने अनुशासन, परस्पर विश्वास, सटीकता और उत्साह के साथ एक घंटे तक वायु सेना के विमानों के साथ कलाबाजी दिखाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। संध जलाशय के करीब हजारों दर्शक पायलटों के हैरतअंगेज साहस और करतबों को देखकर मंत्रमुग्ध होते रहे। अधिकारियों ने बताया कि विंग कमांडर ए.वी. सिंह के नेतृत्व में वन-एफ-9 और वन-एफ-8 हेलीकॉप्टर यूनिट ने वी-17 और वी-5 हेलीकॉप्टरों से स्लीपरी और स्काई-ऑपरेशन के करतब दिखाए।

### एक दिन भारत भी युवा, प्रगतिशील और लोकतांत्रिक नेता के नेतृत्व में उदीयमान होगा: खेड़ा

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस की मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने न्यूयॉर्क के महापौर पद के चुनाव में जोहरान ममदानी की जीत का हवाला देते हुए बुधवार को कहा कि ऐसी उम्मीद है कि एक दिन भारत भी एक युवा, शिक्षित, प्रगतिशील और लोकतांत्रिक नेता के नेतृत्व में उदीयमान होगा। डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल करने वाले ममदानी न्यूयॉर्क के महापौर पद पर निर्वाचित होने वाले पहले दक्षिण एशियाई और मुस्लिम हैं। खेड़ा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''जोहरान ममदानी को प्रेम, आशावाद और सहानुभूति पर आधारित चुनाव अभियान और न्यूयॉर्क शहर का पहला भारतीय मूल का महापौर बनने पर बधाई।'' उन्होंने कहा, ''मैं विशेष रूप से गुजरात के लिए खुश हूं। एक खूबसूरत राज्य जिसे अंततः उस तरह का वैश्विक राजनीतिक राजदूत मिला है जिसका वह वास्तव में हकदार है यानी एक प्रगतिशील, लोकतांत्रिक और व्यापक रूप से प्रशंसित व्यक्ति।''

### अहमदाबाद में 'दृश्यम' शैली में व्यक्ति की हत्या, पत्नी का प्रेमी गिरफ्तार

**अहमदाबाद :** गुजरात के अहमदाबाद शहर में एक व्यक्ति की उसकी पत्नी के प्रेमी और दो रिश्तेदारों ने कथित तौर पर हत्या कर दी और शव को घर के रसोईघर के फर्श के नीचे दफना दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह खौफनाक आपराधिक घटना हिंदी फिल्म 'दृश्यम' के एक दृश्य की याद दिलाती है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अजीत राजियन ने बताया कि समीर अंसारी नामक व्यक्ति के रहस्यमय ढंग से लापता होने के करीब एक साल बाद शहर की अपराध शाखा ने मंगलवार रात अहमदाबाद के सरखेज इलाके में उसके बंद घर के रसोईघर के फर्श के नीचे से उसकी हड्डियां और अन्य अवशेष निकाले। पुलिस उपायुक्त राजियन ने बताया कि यह पता चला है कि फरार चल रही समीर अंसारी की पत्नी रूबी ने अपने प्रेमी इमरान वाघेला और उसके दो रिश्तेदारों की मदद से अंसारी की हत्या की, उसके शरीर के टुकड़े किए और उन्हें रसोई के फर्श के नीचे दफना दिया। यह अपराध रूबी के कथित विवाहेतर संबंध के कारण हुआ। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''उसी इलाके में रहने वाले वाघेला को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि रूबी और वाघेला के दो रिश्तेदार - रहीम और मोहसिन अभी भी फरार हैं।'' उन्होंने कहा कि घर में मिली हड्डियों और अन्य अवशेषों को फॉरेंसिक विश्लेषण और डीएनए मिलान के लिए भेज दिया गया है। राजियन ने बताया कि करीब तीन महीने पहले पुलिस की अपराध शाखा के एक निरीक्षक को सूचना मिली थी कि मूल रूप से बिहार निवासी समीर अंसारी को काफी समय से इलाके में नहीं देखा गया है और उसके लापता होने का कोई पुलिस रिकॉर्ड भी नहीं है। पुलिस उपायुक्त ने कहा, ''फिर हमने इलाके में नजर रखी और पता चला कि अंसारी पिछले एक साल से लापता है। पूछताछ के दौरान, वाघेला ने कबूल किया कि उसने एक साल पहले रूबी के कहने पर दो अन्य (अपने रिश्तेदारों) के साथ मिलकर अंसारी की हत्या कर दी थी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 6 नवम्बर, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष प्रतिपदा, 14:55 तक, नक्षत्र : भरणी, 06:33 तक, योग : व्यतिपाता, 06:59 तक, सूर्योदय: 05:43, सूर्यास्त: 16:57, चन्द्रोदय : 17:27, चन्द्रास्त: 06:21, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : मेष, राहु काल : 12:43 से 14:06

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी किसी बड़ी से बड़ी समस्या को दूर करेंगे, जिससे आपके रिश्ते काफी बेहतर रहेंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए कोई ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें। आप अपने घर-परिवार में जरूरत की चीजों की खरीदारी पर पूरा ध्यान देंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपकी कोई पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपने किसी काम को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना बरतें, नहीं तो बाद में इसमें आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। यदि ऐसा हो, तो आप उसे मनाने की पूरी कोशिश करें। आप धार्मिक कामों पर पूरा ध्यान देंगे।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। तरक्की की राह में आगे बढ़ेंगे। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए किसी नयी नौकरी के लिए बेहतर रहेगा। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गयी थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामले में कुछ कमजोर रहेगा। किसी आपका धन कहीं फंस सकता है, इसलिए आपको सोच समझकर लाभ के चक्कर में पड़ने से बचना होगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको कुछ नए कामों से एक पहचान मिलेगी। व्यापार में आपको मनमुताबिक लाभ मिलेंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए, किसी नए मकान, दुकान आदि की खरीदारी के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपने घरेलू कामों को निपटाना होगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए हौसला लेकर आने वाला है और आपको रोजगार भी बढ़िया चलेगा। आपको किसी नेत्र संबंधित समस्या को लेकर भागदौड़ बनी रहेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3255



**बायें से दायें:-** 2) चमक, 4) भेदियापन, 7) अभिव्यक्ति; नाज़-नख़रा, 9) संबंध, 10) फेरा; उलझन; घुमटा, 11) रोकड़, 13) राय, 14) नातेदार, 16) एक अंग्रेजी महीना, 18) निर्णीत, 19) और, 20) अल्पतम, 23) अनुभव, 26) चकल्लस, 27) मारकाट, 28) मूर्खता.

**ऊपर से नीचे:-** 1) कुमार्गी, 2) वार, 3) दर; मूल्य, 4) महावर, 5) भूमिकन्या, 6) प्रायः, 8) एक देश, 12) बेदम; बहुत निर्बल, 13) प्रतिष्ठा; दफा, 15) भोज का निमंत्रण, 17) संतान, 21) घोंपना, 22) मनमाना काम, 23) उत्साह और प्रेम, 24) पहरेदार, 25) जुड़ा; चिपका.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | टा | स | ट | | | नि | का | ल | ना |
| हू | | | ल | ट | का | ना | | बा | नी |
| लि | प | ट | ना | | या | द | गा | र | |
| य | | प | | छा | प | | ग | | ज़ो |
| त | र | क | श | | ल | | र | फ़्ता | र |
| | सी | ना | | घ | ट | ना | | | दा |
| चं | द | | शा | प | | ह | थि | या | र |
| प | | दं | | ला | चा | र | | चि | |
| त | था | ग | त | | य | | ए | का | की |

## सुडोकू-पहेली-3212

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 3 | 5 | | | |
| | 7 | | 1 | | | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| | | 4 | | | | | 2 | |
| 7 | | | | 2 | | | | |
| | 1 | 2 | 6 | | | 5 | | |
| 1 | | | 3 | | | | | 6 |
| | 4 | 9 | | | | | | |
| | | | | | 7 | 4 | | 9 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सुडोकू पहेली - 3211 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 3 | 7 | 1 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 | 9 | 3 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 6 | 1 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 3 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 |

# एसआईआर के विरोध में ठाकुरनगर में मतुआ समुदाय का आमरण अनशन शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर में बुधवार को मतुआ समुदाय के एक वर्ग ने एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया के विरोध में ठाकुरबाड़ी परिसर में अनशन शुरू कर दिया। यह अनशन तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद ममताबाला ठाकुर के आह्वान पर किया गया, हालांकि वह स्वयं इस मौके पर उपस्थित नहीं रहीं। बताया जा रहा है कि वह किसी विशेष कार्य से शहर से बाहर हैं और उन्होंने वर्चुअली इस अनशन की शुरुआत की। अनशन पर बैठे मतुआ समुदाय के लोगों की मुख्य मांग है कि निः शर्त नागरिकता और मतदान का अधिकार। इस दिन, दोपहर करीब 12 बजे से ठाकुरबाड़ी में यह अनशन औपचारिक रूप से शुरू हुआ। मंच पर मतुआ महासंघ के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। उनका कहना है कि जो मतुआ लोग 1947 में देश विभाजन के कारण भारत आए और 2024 तक देश में स्थायी रूप से रह रहे हैं, उन्हें बिना किसी शर्त के मतदान का अधिकार और नागरिकता दी जानी चाहिए। मतुआ नेताओं ने कहा कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं, यह आमरण अनशन जारी रहेगा।

### मतुआ समाज को सीएए के तहत आवेदन करना चाहिए : शांतनु ठाकुर



**वहीं, भाजपा सांसद शांतनु ठाकुर ने समुदाय को भरोसा दिलाते हुए कहा कि मतुआ समाज को सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) के तहत आवेदन करना चाहिए। हम निर्वाचन आयोग से अनुरोध करेंगे कि जिनका नाम 2002 की मतदाता सूची में नहीं है, उनके नाम सूची से न काटे जाएं।**

## बीएलए नियुक्ति में भाजपा और माकपा ने टीएमसी को पछाड़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति में भाजपा सबसे आगे निकल गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त ताजा आंकड़ों के अनुसार, भाजपा ने बीएलए-1 और बीएलए-2 दोनों श्रेणियों में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और वाम दलों को पीछे छोड़ दिया है। बीएलए-1 विधानसभा वार एजेंटों की संख्या है, जबकि बीएलए-2 बूथ वाइज एजेंटों की संख्या है। आयोग की ओर से बुधवार की शाम जारी आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा द्वारा अब तक 339 बीएलए-1 और 35 हजार 651 बीएलए-2 नियुक्त किए गए हैं। वहीं, माकपा ने 196 बीएलए-1 और 27 हजार 392 बीएलए-2 फॉर्म जमा किए हैं। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस इस मामले में तीसरे स्थान पर है, जिसने 147 बीएलए-1 और 27 हजार 744 बीएलए-2 एजेंट नियुक्त किए हैं।

कांग्रेस की स्थिति चौथे स्थान पर दर्ज की गई है। पार्टी ने 190 बीएलए-1 और 6,822 बीएलए-2 फॉर्म जमा किए हैं। अन्य दलों में फॉरवर्ड ब्लॉक ने 77 बीएलए-1 और 1,091 बीएलए-2 फॉर्म भरे हैं, जबकि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने केवल 60 बीएलए-1 फॉर्म भरे हैं और बीएलए-2 की संख्या शून्य है। आम आदमी पार्टी (आआपा) तथा नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) की ओर से अब तक बीएलए की कोई नियुक्ति नहीं की गई है।

## एसआईआर से दहशत और मौतों पर विधानसभा में प्रस्ताव ला सकती है तृणमूल कांग्रेस

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कारण फैली तथाकथित दहशत और 8 लोगों की असामान्य मौत के आरोपों को लेकर तृणमूल कांग्रेस आगामी शीतकालीन सत्र में विधानसभा में प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। पार्टी का कहना है कि भाजपा इस प्रक्रिया का इस्तेमाल अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में छेड़छाड़ के लिए कर रही है। पार्टी विधायक दल के एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा कि प्रस्ताव को प्रतीकात्मक लेकिन मजबूत प्रतिक्रिया के रूप में पेश करने के लिए चर्चा चल रही है, जिसे तृणमूल बंगाल के मतदाताओं को अस्थिर करने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास कहती है। उन्होंने कहा कि एक बार नेतृत्व इसे मंजूरी दे दे तो हम इसे सदन में पेश करेंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि विधानसभा के माध्यम से लोगों को आश्वस्त किया जाएगा कि उनका मताधिकार सुरक्षित है। शीतकालीन सत्र सम्भवतः नवम्बर के मध्य में शुरू होगा। यह वर्तमान विधानसभा का चुनावों से पहले आखिरी पूरा सत्र माना जा रहा है। फरवरी में केवल अंतरिम बजट सत्र होने की सम्भावना है। तृणमूल कांग्रेस के अनुसार, इस प्रस्ताव का उद्देश्य केन्द्र की नीतियों से उत्पन्न भय के विरुद्ध राज्य की जनता के साथ खड़े होने का संदेश देना है।

## बैरकपुर में मतदाता सूची सत्यापन के दौरान भाजपा के बीएलए पर हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची को लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बीच राजनीतिक तनाव गहराता जा रहा है। बुधवार को उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर नगरपालिका के वार्ड 15 में भाजपा के बीएलए-2 विश्वजीत कर पर हमला हुआ। भाजपा ने इसके लिए तृणमूल कांग्रेस समर्थित असामाजिक तत्वों को जिम्मेदार ठहराया है। जानकारी के अनुसार, विश्वजीत कर बूथ संख्या 108 में एसआईआर के तहत घर-घर जाकर मतदाता सूची की जांच कर रहे थे। उनके साथ बीएलए-1 भी मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें कथित तौर पर धमकाया गया और बाद में मारपीट की गई। घायल विश्वजीत कर ने आरोप लगाया कि यह हमला तृणमूल के इशारे पर हुआ। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और राजनीतिक माहौल गरमा गया। भाजपा नेता और बैरकपुर के पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने तृणमूल सरकार पर तीखा हमला बोला। वहीं, इस मामले में तृणमूल कांग्रेस ने किसी भी तरह की राजनीतिक साजिश से इनकार किया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

## एसआईआर को लेकर राज्यभर में तृणमूल कांग्रेस की लीगल सेल की जनसभाएं

### उत्तर बंगाल और पूर्व मेदिनीपुर पर विशेष नजर

**कोलकाता :** मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर राज्य में फैले भ्रम और डर के माहौल के बीच तृणमूल कांग्रेस ने राज्यव्यापी जनजागरण अभियान शुरू करने का फैसला लिया है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि भाजपा की एसआईआर साजिश के कारण राज्य में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है, जिससे कुछ लोगों ने आत्महत्या तक कर ली।

इस स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल के सर्वभारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को जोड़ासांको की सभा से कहा था कि चिंता की कोई बात नहीं है, तृणमूल की लीगल सेल हर नागरिक के साथ खड़ी है और जरूरत पड़ने पर कानूनी मदद देगी।

अभिषेक बनर्जी के निर्देश के बाद अब तृणमूल कांग्रेस की लीगल सेल ने राज्यभर में 10 दिनों तक जनसभाएं आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस दौरान उत्तर बंगाल और पूर्व मेदिनीपुर (जहां विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी का प्रभाव है) पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, अभियान की शुरुआत 11 नवंबर को कोलकाता से होगी। उस दिन मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के नेतृत्व में एक विशाल रैली निकाली जाएगी, जिसके बाद दोपहर 3 बजे डोरिना क्रॉसिंग पर जनसभा आयोजित होगी।

लीगल सेल की ये सभाएं 11 नवंबर से 20 नवंबर तक राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित होंगी। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य भाजपा के भ्रम फैलाने वाले प्रचार को बेनकाब करना और जनता को एसआईआर प्रक्रिया से जुड़ी सच्ची जानकारी एवं आवश्यक कानूनी सहायता प्रदान करना है।

## खड़गपुर में अब रेलकर्मी भी निभाएंगे बीएलओ की भूमिका, 20 कर्मचारियों की हुई नियुक्ति



**खड़गपुर :** अब रेलकर्मी भी मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। लोकसभा, विधानसभा, नगर निगम और पंचायत चुनावों में रजिस्ट्रार, पोलिंग या गणना कर्मी के रूप में रेलकर्मियों का अनुभव पहले से रहा है, लेकिन इस बार पहली बार उन्हें मतदाता सूची संशोधन के काम यानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में शामिल किया गया है। खड़गपुर सदर विधानसभा क्षेत्र (संख्या 224) के कई बूथों में कुल 20 रेलकर्मियों को बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के रूप में नियुक्त किया गया है। इनमें दो महिला रेलकर्मी भी शामिल हैं। ये सभी कर्मचारी खड़गपुर रेल कार्यशाला और रेल मंडल से हैं। सूत्रों के अनुसार, अधिकांश रेलकर्मियों को रेल क्षेत्र से जुड़े बूथों में बीएलओ के रूप में नियुक्त किया गया है ताकि वे स्थानीय मतदाताओं से सीधे संपर्क कर मतदाता सूची में संशोधन, त्रुटि सुधार और नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा कर सकें। इस पहल को प्रशासन ने सराहा है और इसे मतदाता सूची सुधार प्रक्रिया में पारदर्शिता व दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक उपयोगी कदम माना जा रहा है।

## बारुईपुर में समारोह घर में बिजली के झटके से युवक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के बारुईपुर थाना अंतर्गत बलरामपुर इलाके में एक समारोह घर में बिजली का काम करते समय करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जयप्रकाश दास (20) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मृत युवक का घर सोनारपुर के बामनगाछी इलाके में है। वह इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। वह बिजली का काम करने के लिए बारुईपुर के बलरामपुर आया था। उस समय उसकी ला-परवाही के कारण उसकी जान चली गई। पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है कि उसकी मौत कैसे हुई।

**NOTICE**

That my client Sri Abani Biswas, Son of Late Jyotirindra Biswas, residing at 28/25/1, Old Rashkhola Road, P.O. B.D.Sopan, P.S. Khardah, Kolkata: 700116, District: North 24-Parganas he is lost original Title Deed being No. 2351 of 1992 registered at A.D.S.R.O. Barrackpore from his custody within Khardah Police Station. If any one can found it please handed over the same to my client or to me.

Pulak Banerjee (Advocate)
Barrackpore Court
Ph. No.- 9433416415/ 7890142421

## उत्तर बंगाल दौरे पर पहुंचे चुनाव आयोग की तीन सदस्यीय टीम

❑ **टीम सीमावर्ती तीन जिलों का करेंगे दौरा, विभिन्न अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक**

**सिलीगुड़ी/कोलकाता :** आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर चुनाव आयोग की एक उच्च स्तरीय टीम बुधवार को बागडोगरा एयरपोर्ट पहुंची। टीम सीमावर्ती तीन जिलों कूचबिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी का दौरा करेगी। चुनाव आयोग का यह दौरा प्रदेश में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग की यह टीम अगले तीन दिनों तक इन जिलों में अधिकारियों के साथ बैठकें करेगी। इस दौरान, टीम राज्य प्रशासन, जिला चुनाव अधिकारियों, पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों के साथ भी बैठक करेगी, ताकि सीमावर्ती इलाकों में चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी या अवैध गतिविधि को रोका जा सके। दरअसल, इन जिलों की सीमाएं बांग्लादेश और भूटान से लगती हैं, जिसके कारण यहां सुरक्षा और निगरानी एक अहम चुनौती रहती है। चुनाव आयोग चाहता है कि किसी भी प्रकार की सीमा पार से आने वाली अवैध गतिविधियों, नकदी या शराब के वितरण, और फर्जी वोटिंग की संभावना को पहले से ही नियंत्रित किया जाए। टीम के दौरे के दौरान मतदान केंद्रों की तैयारियों, मतदाता सूची के पुनरीक्षण और विशेष निगरानी की व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी। आयोग यह सुनिश्चित करना चाहता है कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी तरह की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई या प्रशासनिक लापरवाही न हो। इस दौरे को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

## मतदाता सूची से नाम हटने के डर से भांगड़ में अधेड़ ने की आत्महत्या

### तृणमूल विधायक ने परिजनों से की मुलाकात, भाजपा पर बोला हमला

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के कारण कथित तौर पर भयभीत अधेड़ उम्र के एक व्यक्ति ने बुधवार को आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान शफीक-उल-गाजी (45) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर 24 परगना के घुसिघाटा का निवासी था और पिछले कुछ महीने से भांगड़ के जयपुर इलाके में अपनी ससुराल के मकान में रह रहा था। परिवार के सदस्यों के अनुसार, गाजी को कुछ महीने पहले एक दुर्घटना में चोट आई थीं और तब से वह मानसिक रूप से परेशान था। राज्य में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से उसकी चिंता बढ़ गई थी।

मृतक की पत्नी ने बताया कि वह वैध पहचान पत्र न होने से भयभीत थे। वह बार-बार कहते थे कि उन्हें देश से बाहर निकाल दिया जाएगा। डर की वजह से वह बीमार पड़ गए थे। इस दिन, सुबह में चाय पीने के बाद वह बकरियों को बांधने गए और बाद में हमने उन्हें बकरी के बाड़े में गमछे से बनाए गए फंदे लटके हुए पाया।

इधर, तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि एसआइआर के डर से राज्य में आत्महत्या की यह आठवीं घटना है। शोक संतप्त परिवार से मिलने पहुंचे कैनिंग ईस्ट से टीएमसी के विधायक शौकत मोल्ला ने आरोप लगाया कि यह गरीब लोगों को डराने और उन्हें उनके अधिकारों से वंचित करने की भाजपा की साजिश के कारण हो रहा है। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि टीएमसी इन मौत के आंकड़ों का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए और भाजपा को बदनाम करने के लिए कर रही है।

## एसआईआर तकनीकी रूप से पूरी तरह गलत : कुणाल घोष



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल नेता कुणाल घोष ने मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाया है। तृणमूल नेता ने कहा कि तकनीकी रूप से यह पूरी तरह असंभव है। अगर आप एक वास्तविक मतदाता और भारत के नागरिक हैं तो आपका नाम एसआईआर में दिखाई देना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है तो इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि आपका नाम सीएए कैंप में घोषित किया जा रहा है तो इसका मतलब होगा कि आप भारतीय नागरिक नहीं हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के वोट चोरी वाले बयान पर टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। जब राहुल गांधी भाजपा के चुनावी कदाचार के खिलाफ बोलते हैं तो उन्हें ऐसा करने का पूरा अधिकार है, क्योंकि भाजपा इन कार्रवाइयों के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के कृत्य भाजपा को बेनकाब करते हैं, लेकिन यह बहुत पहले हो जाना चाहिए था। अगर महाराष्ट्र या दिल्ली में ऐसा होने पर कार्रवाई की होती तो शायद भाजपा वहां सफल नहीं होती।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांकः 17-सीईई-सी-एसईसीआर-2025
दिनांकः 31.10.2025

**कार्य का नामः** "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर एवं नागपुर मंडल के (i) रावघाट जगदलपुर (नई लाइन), (ii) बलोदा बाजार- परमलकासा (पाँचवीं एवं छठी लाइन), (iii) बिलासपुर- दाधापारा (चौथी लाइन), (iv) दगोरी- निपनिया (चौथी लाइन) (v) हथबंध- बैकुंठ (चौथी लाइन), (vi) बैकुंठ- उरकुरा (चौथी लाइन), (vii) उरकुरा- आर.एस.डी (दोहरीकरण) (viii) सरोना- भिलाई (चौथी लाइन), (ix) दुर्ग लिंक ब्लॉक स्टेशन- दुर्ग (चौथी लाइन) और (x) दुर्ग - राजनांदगाँव (चौथी लाइन)" खंडो के लिए जी.पी.एस.डी. सेक्शनिंग कम वायरिंग डायग्राम और एस. डब्ल्यू. आर का निर्माण"।

**निविदा मूल्य- ₹ 17,66,788.20/-** (रूपये सतरह लाख छियासठ हजार सात सौ अठासी दशमलव दो शून्य मात्र), **बयाना राशि- ₹ 35,300/-** (रूपये पैंतीस हजार तीन सौ मात्र), **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः 25.11.2025 को 15:30 बजे । निविदा खुलने का समय एवं दिनांकः 25.11.2025 को 15:45 बजे । कार्य पूर्णता की अवधिः 06** (छः माह) एल.औ.ए. जारी होने के तारीख के बाद से ।

**वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थानः** उपर दिए गए कार्य के लिए विस्तृत जानकारी/ ई-निविदा दस्तावेज पात्रका का मापदंड तथ अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा कागजात, जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है, उसे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।

*सहायक कार्य विद्युत अभियंता (निर्माण)*
सीपीआर/10/429 *द.पू.मध्य रेलवे, रायपुर*
South East Central Railway @secrail

## फर्जी पासपोर्ट मामले में ईडी का दावा, कारोबारी ने 10 वर्षों में 900 बार की बैंकॉक की यात्रा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में फर्जी पासपोर्ट नेटवर्क की जांच में जुटी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की नजर अब उत्तर 24 परगना जिले के खड़दह के व्यापारी बिनोद गुप्ता की विदेश यात्राओं पर है। एजेंसी का दावा है कि इस व्यापारी ने पिछले 10 वर्षों में 900 बार बैंकॉक की यात्रा की है, जो गंभीर संदेह का विषय है। इसी कड़ी में, सोमवार को राज्य के कई इलाकों में छापेमारी के बाद मंगलवार की देर रात तक बिनोद गुप्ता के घर में भी तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और चौंकाने वाली जानकारियां मिली हैं। बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्ता का कहना है कि उनका मसालों का व्यवसाय है और उसी सिलसिले में वह विदेश जाते रहे हैं, लेकिन ईडी अधिकारी इस दावे को मानने को तैयार नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, बिनोद गुप्ता का फॉरेक्स कारोबार से भी संबंध सामने आया है और इस कड़ी की विस्तार से जांच हो रही है। जांच एजेंसी ने बताया कि गिरफ्तार मुख्य आरोपितों में से एक इंदुभूषण से पूछताछ के दौरान बिनोद गुप्ता का नाम सामने आया। आरोप है कि फर्जी पासपोर्ट बनवाने के एवज में मिली रकम को फॉरेक्स में निवेश किया जाता था और इसी वित्तीय लेनदेन की कड़ी खड़दह के व्यापारी तक पहुंचती है। ईडी अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी संख्या में बैंकॉक यात्राओं के पीछे असली मकसद क्या था और क्या इसके जरिए किसी बड़े नेटवर्क को संचालित किया जा रहा था।

## घोला में रातों-रात तोड़ा गया माकपा कार्यालय, इलाके में हड़कंप



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया को लेकर जहां राजनीतिक गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं इसी बीच उत्तर 24 परगना जिले के घोला इलाके में एक घटना सामने आई है। यहां रात के अंधेरे में माकपा के स्थानीय पार्टी कार्यालय को बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया। माकपा ने इस घटना के पीछे तृणमूल कांग्रेस समर्थित बदमाशों का हाथ होने का आरोप लगाया है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हुए कहा है कि यह इमारत पहले से ही जर्जर हालत में थी और काफी समय से बंद पड़ी थी। यहां माकपा का एक पुराना कार्यालय था, जो कई वर्षों से बंद पड़ा था। जानकारी के अनुसार, इमारत का छत काफी समय से टूट-फूट की हालत में था। बुधवार की सुबह जब स्थानीय लोग वहां पहुंचे तो देखा कि पूरी इमारत को बुलडोजर से गिरा दिया गया है। इस घटना की खबर फैलते ही स्थानीय माकपा कार्यकर्ता और समर्थक मौके पर पहुंच गए और जोरदार विरोध प्रदर्शन करने लगे। मौके पर घोला थाने की पुलिस भी पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। माकपा नेताओं ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल, पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## भाजपा बंगाल विरोधी, राज्य से कोई भाजपा सांसद सीआर दास श्रद्धांजलि समारोह में शामिल नहीं : सागरिका घोष

**नयी दिल्ली/कोलकाता**

तृणमूल सांसद सागरिका घोष ने भाजपा को 'बंगाल विरोधी' करार देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि राज्य से भाजपा का कोई भी सांसद संसद के केंद्रीय कक्ष में नहीं पहुंचा, जहां देशबंधु चित्तरंजन दास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एक समारोह आयोजित किया गया था। इस दिन, राज्यसभा में तृणमूल की उपनेता सागरिका घोष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राज्य में वोट पाने के लिए बेताब भाजपा से सवालः बुधवार की सुबह संसद में देशबंधु चित्तरंजन दास के पुष्पांजलि समारोह में पश्चिम बंगाल से भाजपा सांसद अनुपस्थित क्यों थे? उन्होंने कहा कि भाजपा का बंगाल के प्रति निंदनीय तिरस्कार फिर से सामने आया। तृणमूल कांग्रेस हमेशा बंगाल के महान लोगों का सम्मान करेगी और सदैव याद करती रहेगी। एक अन्य पोस्ट में, घोष ने चित्तरंजन दास की सराहना 'बंगाल के प्रतीक, प्रतिभाशाली वकील और स्वतंत्रता संग्राम के नायक' के रूप में की।

**OFFICE OF THE PURULIA-I DEVELOPMENT BLOCK**
**At- Charda, Kotloi, Purulia, 723102.**

**Memo No.: 1932/BDO/Pur-I** **Date: 04.11.2025**

**Notice**

Executive Officer, Purulia-I Development Block invites E-tender as follows: **NIeT No.- WBPUR/EO/Niet-12/25-26, dt. 04.11.2025, for 01 nos. scheme (Tender ID 2025_DM_938581_1) under PUAD** within the jurisdiction of Purulia-I Development Block. Last Date of Tender Submission is **24.11.2025 up to 12:00 pm respectively.** Details may obtained from website : **https://wbtenders.gov.in.**

Sd/-
**Block Development Officer**
**Purulia-I Development Block**



देव दीपावली के अवसर पर कोलकाता के गंगा घाट पर भव्य गंगा आरती का नजारा

## पूर्व मेदिनीपुर में गृहिणी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के रामनगर थाना अंतर्गत चकघुली क्षेत्र में बुधवार को एक विवाहित महिला द्वारा आत्महत्या करने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान सूचना महाराणा (25) के रूप में हुई है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, मंगलवार की रात सूचना रोज की तरह परिवार के साथ भोजन करने के बाद सोने गई थीं। बुधवार के तड़के महिला की चार वर्षीय बच्चे के रोने की आवाज सुनकर सबकी नींद खुली। कमरे में जाकर देखा गया कि सूचना फंदे से झूल रही हैं। परिवार के लोगों द्वारा घटना की सूचना तुरंत ग्राम प्रधान और रामनगर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने पारिवारिक कारणों सहित सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।



# एसआईआर प्रक्रिया के बीच पूर्व बर्दवान में तालाब से मिले सैकड़ों आधार कार्ड, मचा हड़कंप

**पूर्व बर्दवान :** राज्य में एसआईआर अभियान के तहत मंगलवार से मतदाता सूची के लिए एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण शुरू हुआ है। लेकिन इसके अगले ही दिन, बुधवार को पूर्व बर्दवान जिले के पूर्वस्थली इलाके में एक तालाब से सैकड़ों आधार कार्ड मिलने से सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि ये सभी आधार कार्ड तीन बोरियों में भरकर रात के अंधेरे में किसी ने फेंक दिए थे। स्थानीय लोगों ने बुधवार की सुबह पूर्वस्थली-2 ब्लॉक के बरडांगा इलाके के एक तालाब में तैरते हुए आधार कार्ड देखे। खोजबीन करने पर तीन बोरियां



मिलीं जिनमें बड़ी संख्या में आधार कार्ड और कुछ अन्य दस्तावेज भरे हुए थे। सूचना मिलते ही पूर्वस्थली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एक बोरी को बाहर निकाल लिया। बाकी दो बोरियां, जो पानी के नीचे थीं, उन्हें निकालने का प्रयास जारी है। पुलिस ने इलाके में माइकिंग कर लोगों से अपील की है कि अगर किसी के हाथ में कोई आधार कार्ड या दस्तावेज लगे तो उसे तुरंत प्रशासन या नजदीकी थाने में जमा करें। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये आधार कार्ड किसने और क्यों फेंके। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्डों पर छपी तस्वीरें और नाम किसी भी स्थानीय व्यक्ति के नहीं हैं। इस घटना ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। भाजपा का आरोप है कि एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद डर के कारण ये फर्जी आधार कार्ड नष्ट करने के उद्देश्य से फेंक दिए गए हैं। वहीं, तृणमूल कांग्रेस की ओर से पूर्वस्थली उत्तर के विधायक तपन चटर्जी ने कहा कि मुझे लगता है कि ये डुप्लिकेट कार्ड हैं, इसलिए इन्हें फेंक दिया गया। लेकिन एसआईआर के डर से ऐसा किया गया है या नहीं, यह कहना मुश्किल है। महकमा शासक ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल, यह जांच का विषय है कि आधार कार्ड असली हैं या नकली और इन्हें किस उद्देश्य से तालाब में फेंका गया।

## पत्नी से झगड़े के बाद नाबालिग बेटे को बांग्लादेश बॉर्डर पर छोड़कर भागा पिता

❑ **पुलिस ने शुरू की जांच**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट क्षेत्र में बांग्लादेश की सीमा के पास एक पिता ने पत्नी के साथ हुई झगड़े के बाद 10 साल के अपने बेटे को बांग्लादेश की सीमा निकट छोड़कर भाग गया। मंगलवार की रात को अंधेरे में जब एक बच्चा का स्कूल बैग लिए रोते हुए बैठा देखा गया तो लोगों को संदेह हुआ। क्योंकि इस क्षेत्र में बच्चों के माध्यम से अवैध वस्तुओं भी तस्करी होती हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की रात बशीरहाट थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव प्रसन्नकाठी में एक किशोर मिला। लड़के का नाम तमाल घोष है। वह 10 साल का है। वह चौथी कक्षा में पढ़ता है। भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित गांव में वह कैसे और क्यों आया, इसकी जांच के दौरान पता चला कि इस घटना के पीछे तमाल के पिता पिंटू घोष का हाथ है। कथित तौर पर, उसने एक बैग में कुछ कपड़े पैक करने के बाद अपने बेटे को वहीं छोड़ दिया और भाग गया। मंगलवार को अंधेरे में रोने की आवाज सुनकर कुछ लोग सड़क के एक तरफ गए। उन्होंने लगभग दस साल के एक लड़के को रोते हुए देखा। उसका नाम और पहचान जानने के बाद, उन्होंने उसे खाना खिलाकर दिलासा दिया। उन्होंने बशीरहाट थाने को सूचित किया। पुलिस ने जाकर लड़के थाने ले गई। उन्होंने उसके माता-पिता से संपर्क करने की कोशिश की। उन्हें सनसनीखेज जानकारी मिली। तमाल ने पुलिस को बताया कि उसके पिता का नाम पिंटू और उसकी मां का नाम माधवी घोष है। उनका घर अशोकनगर थाना क्षेत्र के कठपोल इलाके में है। उसके पिता और मां के बीच हर दिन किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता था। कुछ दिन पहले, उसकी मां नाराज होकर उन्हें छोड़कर अपने चाचा के घर चली गई। वह अपनी मां को याद कर रहा था। मंगलवार को उसके पिता ने कहा कि वह उसके चाचा के घर जाएगा और उसे अपनी बाइक पर बिठाएगा। लेकिन वह अपने चाचा के घर नहीं गया। उसके पिता उसे अपनी बाइक पर बशी-रहाट के इस सीमावर्ती इलाके में ले गए। पिता ने उसे सड़क किनारे छोड़ दिया, बाइक स्टार्ट की और अकेले ही निकल पड़ा। पुलिस ने कहा कि वे लड़के के माता-पिता से संपर्क कर रहे हैं। अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

### एचडीएफसी सिक्योरिटीज की बड़ी पहल, निवेश संबंधी धोखाधड़ी के खिलाफ अनोखा जागरूकता अभियान

**कोलकाता :** एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने अपने प्रमुख #KnowYourMoney अभियान के तहत 'क्या आप तैयार हो?' नाम से एक देशव्यापी सीएसआर पहल की घोषणा की। यह पहल भारत में वित्तीय साक्षरता और सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई एक व्यापक जागरूकता मुहिम है। निवेश से जुड़े धोखाधड़ी के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए यह अभियान सशक्त कहानी कहने, डिजिटल नवाचार और सामुदायिक सहभागिता का संयोजन करता है, जिससे वित्तीय साक्षरता को रोचक और व्यक्तिगत अनुभव बनाया जा सके। नितेश तिवारी कहते हैं, जब आप देखते हैं कि परिवार अपनी मेहनत की कमाई धोखाधड़ी में खो देते हैं, तो समझ आता है कि जागरूकता कोई विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है।

### मलाबार का 27,500 कर्मचारियों और सभी हितधारकों के प्रति भरोसेमंद संदेश

**कोलकाता :** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपने 27,500 कर्मचारियों को भेजे एक ईमेल में कहा कि कंपनी को भारत की समृद्ध विरासत, अटूट मूल्यों और परंपराओं से जुड़ा होने पर बहुत गर्व है। कंपनी ने कहा की एक भारतीय ब्रांड के रूप में,मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स संवेदनशीलता, पारदर्शिता और सम्मान के साथ कार्य करना अपना नैतिक जिम्मेदारी मानता है। एक थर्ड पार्टी वेंडर ने पूर्व में हमारी ओर से एक सहयोग किया था। जैसे ही हमें पता चला कि वह सहयोग हमारे ब्रांड मूल्यों के अनुरूप नहीं है, हमने तुरंत उस वेंडर के साथ साझेदारी समाप्त कर दी।

## कोलकाता मेट्रो में डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा, यात्रियों में दिखा उत्साह

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने यात्रियों को डिजिटल भुगतान प्रणाली से जोड़ने और ऑनलाइन स्मार्ट कार्ड रिचार्ज की सुविधा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को विशेष शिविरों का आयोजन किया। यह शिविर ब्लू लाइन, ग्रीन लाइन, ऑरेंज लाइन, पर्पल लाइन और येलो लाइन के सभी मेट्रो स्टेशनों पर एक साथ आयोजित किए गए। इन शिविरों में मेट्रो कर्मचारियों ने यात्रियों को उन्नत 'आमार कोलकाता मेट्रो' ऐप और एचडीएफसी स्मार्ट गेटवे के माध्यम से भुगतान की नई सुविधाओं की जानकारी दी। उन्हें यह भी बताया गया कि ऐप को गूगल प्ले स्टोर और ऐप स्टोर से कैसे डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही, यात्रियों को यूप-ीआई आधारित टिकटिंग सिस्टम से टोकन खरीदने और एएससीआरएम




मशीनों द्वारा स्मार्ट कार्ड रिचार्ज करने की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया गया। यात्रियों ने इस डिजिटल पहल में गहरी रुचि दिखाई और कहा कि यह व्यवस्था उनके समय की बचत कर रही है, क्योंकि अब उन्हें टिकट या रिचार्ज के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ता। मेट्रो प्रशासन का मानना है कि यह अभियान डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, एक गिरफ्तार

**एक अन्य युवक की तलाश में जुटी पुलिस**

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी नियोजन पत्र देकर लाखों रुपये लेने का आरोप दो युवकों पर लगा है। इस घटना में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, एक अन्य युवक अभी फरार है। आरोपी का नाम राकेश मंडल है। वह नदिया जिले के पलाशीपाड़ा के रुद्रनगर इलाके का निवासी है। कथित तौर पर, तेहट्टा के तारानगर निवासी अपू हलदर नामक युवक लंबे समय से नौकरी पाने की कोशिश कर रहा था। इस बीच, उसकी मुलाकात गिरफ्तार राकेश मंडल और अनवर शेख नामक दो युवकों से हुई। उन्होंने




रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 12 लाख रुपये की मांग की। जैसा कि उन्होंने कहा, युवक ने उन्हें लगभग दो साल पहले 5.47 लाख रुपये दिए। उसके बाद, उसे एक फर्जी नौकरी का नियुक्ति पत्र दिया गया। बाद में, नियुक्ति पत्र की जांच करने पर उसे पता चला कि उसे फर्जी दस्तावेज भेजे गए थे। इसके बाद, जब उसने पैसे वापस मांगे, तो उन्होंने तरह-तरह के बहाने बनाकर उसे अनसुना कर दिया। आखिरकार, गत 2 नवंबर को युवक के परिजनों ने पलाशीपाड़ा थाने में दोनों युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद राकेश मंडल को गिरफ्तार किया, जिसके बाद से अनवर शेख फरार है। जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि दोनों युवक विभिन्न धोखाधड़ी गिरोहों में शामिल हैं। पुलिस उन्हें तेहटा उपजिला न्यायालय ले गई और चार दिनों की पुलिस हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी।

## बर्दवान में बिस्कुट पसंद न होने पर चाय विक्रेता की पीट-पीटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**पूर्व बर्दवान :** जिले के रायना के खालेरपूल इलाके में गत मंगलवार को एक ग्राहक ने कथित तौर पर एक चाय की दुकान के मालिक की पीट-पीटकर हत्या कर दी क्योंकि उसे परोसा गया बिस्कुट स्वादिष्ट नहीं था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी का नाम हुसैन मुल्ला है। जबकि, मृतक की पहचान फरीद अली शेख (50) के रूप में हुई है, जो पेशे से चाय विक्रेता थे और रैना के मचखंडा गाँव के निवासी थे। उनकी चाय की दुकान खालेरपूल इलाके में स्थित थी। बताया गया है कि मंगलवार को, कुछ नियमित ग्राहक चाय की दुकान पर मौजूद थे, जब हुसैन मुल्ला, जो एक राजमिस्त्री है और दुकान पर अक्सर आता था, चाय पीने आया। उन्होंने इसके साथ एक बिस्कुट मांगा, जो उन्हें परोसा गया। हालांकि, मुल्ला ने शिकायत की कि बिस्कुट का स्वाद खराब था और दुकानदार से बहस करने लगे। कुछ देर तक बहस चलती रही, फिर दूसरे ग्राहकों ने बीच-




बचाव करके मामला शांत कराया। बाद में, मुल्ला कथित तौर पर एक बांस का डंडा लेकर दुकान पर लौटा और शेख कुछ समझ पाता या कुछ समझ पाता, उससे पहले ही मुल्ला ने शेख पर बेरहमी से हमला करना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने शेख को बर्दवान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे नवाबहट के पास एक अन्य अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। बुधवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी वहां मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि परिवार की शिकायत के आधार पर मुल्ला को गिरफ्तार कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## बीरभूम में महिला से दुष्कर्म, आरोपित पूर्व सिविक वॉलंटियर गिरफ्तार

**बीरभूम :** जिले के पाईकर इलाके में मंगलवार की देर रात एक महिला से दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना सामने आई है। आरोप है कि एक युवक ने गले पर चाकू रखकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, मंगलवार की रात महिला अपने घर में अकेली थी, तभी सबीर हुसैन नामक युवक घर में घुस आया। उसने गले पर चाकू रखकर महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद जब वह फरार होने की कोशिश कर रहा था, तभी महिला के चिल्लाने पर उसका बेटा मौके पर पहुंचा और आरोपित को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों की मदद से आरोपित को रस्सी से



बांधकर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पाईकर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित सबीर हुसैन को हिरासत में लिया। महिला की लिखित शिकायत के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि सबीर पहले सिविक वॉलंटियर के पद पर कार्यरत था, लेकिन पूर्व में दर्ज एक अन्य मामले के कारण उसकी नौकरी चली गई थी। फिलहाल, आरोपित को अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## चिरेका में देशबंधु चित्तरंजन दास की 156वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई

**चित्तरंजन :** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में बुधवार को राष्ट्र निर्माता, समाज सुधारक, शिक्षाविद, साहित्यकार, स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी देशबंधु चित्तरंजन दास की 156वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ए.के. मेश्राम, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, चिरेका ने प्रशासनिक भवन प्रांगण में अवस्थित देशबंधु चित्तरंजन दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य कार्मिक अधिकारी रंजन मोहंती के स्वागत भाषण से हुई। इस मौके पर विभिन्न विभागों के प्रमुख, अधिकारी,



पर्यवेक्षक और कर्मचारीगण उपस्थित थे, जिन्होंने देशबंधु की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। समारोह के दौरान सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा 156 मोमबत्तियां प्रज्वलित कर महान स्वतंत्रता सेनानी को नमन किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ए.के. मेश्राम ने कहा कि देशबंधु चित्तरंजन दास का जीवन संघर्ष, सफलता, समर्पण और सामाजिक सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि चित्तरंजन दास की जीवन यात्रा प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव मार्गदर्शक बनी रहेगी। इस जयंती समारोह का आयोजन कार्मिक विभाग द्वारा किया गया था।



श्री श्याम मंदिर, आलमबाजार में आयोजित दो दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव प्रधान अतिथि अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दिनेश बजाज, सुशील चौधरी, गोविंदमुरारी अग्रवाल, राजपाल गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, मनीषा बजाज, कांता चौधरी, हरि सोनी, यशपाल, अक्षत भावसिंहका, राजेश डिडवानिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# श्री सहस्त्रार्जुन जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, जायसवाल समाज ने मनाया गौरव उत्सव



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री सहस्त्रार्जुन जयंती समारोह समिति द्वारा राज राजेश्वर श्री सहस्त्रार्जुन जन्म जयंती एवं जायसवाल दिवस के उपलक्ष्य में 2 नवंबर को एक विराट शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष समिति ने अपने 36 वर्ष पूर्ण किए, जिसके उपलक्ष्य में यह आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। शोभायात्रा का शुभारंभ जायसवाल समाज भवन से हुआ और समापन राजा सुबोध मल्लिक स्क्वायर (वेलिंगटन पार्क) पर किया गया। अध्यक्ष श्री विकास जायसवाल के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में करीबन लगभग चार हजार लोग शामिल हुए। स्वागत अध्यक्ष श्री राजेश जायसवाल और समापन समारोह अध्यक्ष श्री रतनलाल गुप्ता ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। मुख्य अतिथि श्री संजय बक्शी और श्री राजेश सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, वहीं गुजरात से आए मुख्य अतिथि श्री मदनलाल जायसवाल और श्री संजय जायसवाल पूजनीय श्री माली राम शास्त्री की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। साथ ही विशेष अतिथि श्री जवाहर लाल जयसवाल, श्री आनंद गुप्ता, श्री प्रदीप जायसवाल, श्री रामफुल जयसवाल, श्री काली प्रसाद जायसवाल, श्री गणेश प्रसाद जायसवाल, श्री लालता प्रसाद जायसवाल, श्री मेवा लाल जायसवाल, श्री अनिल जायसवाल साईं, श्री अमरनाथ जायसवाल, श्री तारक नाथ साव, श्री अवधेश साव, श्री कौशल गुप्ता, श्री रमेश जायसवाल, श्री राजेश जायसवाल, श्री दिनेश जायसवाल, श्री सरोज जायसवाल, श्री रामानंद जायसवाल, श्री राजकुमार जायसवाल (मंटू बाबू), श्री महेंद्र जायसवाल, श्री राजेश जायसवाल (एड कॉम ), श्री अजय जायसवाल, श्री राजेंद्र जायसवाल (राजू बाबू), श्री ओम प्रकाश जायसवाल, श्री दिलीप कुमार साव, श्री संजय जायसवाल, श्री रामनरेश जायसवाल, श्री संजय जायसवाल, श्री प्रोफेसर शंभुनाथ साव शिव सागर जायसवाल, श्री सत्यनारायण जायसवाल, श्री विनोद जायसवाल, श्री रंजीत जायसवाल, श्री विक्की सोनी, श्री तारक सिंह (एमआईसी), श्री इंद्रनील कुमार (पौरपिता) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



शोभायात्रा में विभिन्न क्षेत्रों से आई आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। समाज की विभिन्न संस्थाओं द्वारा मार्ग में लगभग 35 स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए गए थे, जिन पर श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। समापन स्थल पर आयोजित समारोह में समाज के छह प्रमुख व्यक्तित्वों-श्री शंभुनाथ जायसवाल, श्री अशोक जायसवाल, श्री वैजनाथ जायसवाल, श्री निर्मल जायसवाल, श्री रामचंद्र जायसवाल और स्वर्गीय हनुमान साव (मरणोपरांत)-को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही श्री चंद्रशेखर जायसवाल और श्री सुभाष जायसवाल को विशेष सेवा सम्मान पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही 51, कीर्ति छात्रा वो छात्रय को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक भावनात्मक क्षण तब आया जब संस्था से जुड़े पिछले 35 वर्षों में सेवा देने वाले दिवंगत पदाधिकारियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। पूरे मैदान में उप-स्थित लोगों ने खड़े होकर उन्हें नमन किया। इस वर्ष शोभायात्रा में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक परिधानों में शामिल हुईं, शोभा देवी जायसवाल, श्रीमती लीला देवी जायसवाल, श्रीमती रजनी गुप्ता, श्रीमती माया जायसवाल,



श्रीमती सिंधु जायसवाल, श्रीमती गायत्री देवी जायसवाल, श्रीमती आशा जायसवाल, श्रीमती रीना जायसवाल, श्रीमती सारिका जायसवाल, श्रीमती मधु गुप्ता, श्रीमती कंचन जायसवाल, श्रीमती बबीता गुप्ता, श्रीमती रेखा साव, श्रीमती संजू जायसवाल, श्रीमती पिंकी जायसवाल, श्रीमती मंजू जायसवाल, श्रीमती सोनी जायसवाल, श्रीमती यशोधा जायसवाल, श्रीमती गीता जायसवाल, श्रीमती संगीता जायसवाल, अन्नन महिलागण द्वारा आयोजन का उत्साह और भी बढ़ गया। वरिष्ठ नागरिकों और उन श्रद्धालुओं के लिए जो यात्रा में चल नहीं पा रहे थे, समिति द्वारा बस की विशेष व्यवस्था की गई। यह जानकारी महामंत्री श्री आकाश जायसवाल ने दी और उन्होंने बताया कि यह आयोजन समाज की एकता, श्रद्धा और सेवा भावना का प्रतीक है।

कार्यक्रम की सफलता में कप्तान श्री रतन जायसवाल, कोषाध्यक्ष श्री गणेश जायसवाल, संयुक्त श्री मंत्री राजीव जायसवाल बीआर, श्री मनोहर जायसवाल, श्री मनोज गुप्ता, श्री केष्टो जायसवाल, श्री गौतम जायसवाल, खड़दह से श्री विजय जायसवाल, श्री महेंद्र जायसवाल, श्री अविनाश जायसवाल, श्री राजेश जायसवाल (पोला जी), उपाध्यक्ष श्री रमेश जायसवाल तथा हावड़ा क्षेत्र से श्री हरीश चंद्र जायसवाल, श्री सुरेश जायसवाल और श्री दिनेश जायसवाल और प्रचार मंत्री श्री राज जायसवाल, श्री राकेश जायसवाल, आशीष जायसवाल, बिजय जायसवाल, रमेश जायसवाल सहित अनेक पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा। पूरा आयोजन समाज की एकजुटता और सेवा के जज्बे का प्रेरणादायक उदाहरण बना।



## गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित 'एआईसीटीई-वाणी' संगोष्ठी

❑ **भारत के हरित हाइड्रोजन भविष्य की रूपरेखा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** जेआईएस ग्रुप की शैक्षणिक पहल गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (जीएनआईटी) में 3 से 4 नवंबर तक दो दिवसीय एआईसीटीई- वाणी वित्तपोषित सेमिनार हाइड्रोजन ऊर्जा में अवसर एवं नवाचार का सफल आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (एनबीए मान्यता प्राप्त) तथा एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसमें प्रो. (डॉ.) स्वरूप कुमार मित्रा, प्राचार्य जीएनआईटी; प्रो. (डॉ.) नीरज सक्सेना, प्रो-चांसलर जेआईएस यूनिवर्सिटी; डॉ. बरनाली कुंडू और डॉ. शांतनु दत्ता उपस्थित रहे। सेमिनार का उद्देश्य भारतीय भाषाओं में तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देना और हाइड्रोजन ऊर्जा के क्षेत्र में



नवाचार को प्रोत्साहित करना था।

मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) राहुल बनर्जी, शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार विजेता (2018) एवं प्रोफेसर, आईआईएसईआर कोलकाता ने हाइड्रोजन भंडारण एवं कार्बन कैप्चर तकनीकों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) जितेंद्र नाथ बेहरा, अरूणाभ देबनाथ (आईओ-सीएल), प्रो. (डॉ.) असीम दत्ता, साप्तक भट्टाचार्य एवं डॉ. बरनाली कुंडू सहित अनेक विशेषज्ञों ने हाइड्रोजन उत्पादन, भंडारण, फ्यूल सेल, सुरक्षा मानक और नीतिगत पहलुओं पर विचार साझा किए। समापन अवसर पर जेआईएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक सरदार तरणजीत सिंह ने कहा, स्वच्छ ऊर्जा का भविष्य हाइड्रोजन में निहित है। ऐसे सेमिनार नवाचार व अनुसंधान को नई दिशा देते हैं और युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने में सक्षम बनाते हैं।

### बिराटी में तालाब से गृह शिक्षक का तैरता शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** निमता थाना अंतर्गत बिराटी के स्वामीजी पल्ली इलाके में बुधवार को एक तालाब से एक व्यक्ति का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में स्थानीय निवासियों ने तालाब में शव तैरता देखा और स्थानीय पार्षद और निमता थाने को सूचित किया। मृतक की पहचान मृतुल देबनाथ (42) के रूप में की गई है। दक्षिण नीलाचल का निवासी था। वह गृह शिक्षक था। पता चला है कि मृतुल देबनाथ कई दिनों से मानसिक अवसाद से ग्रस्त था। फिर, वह गत 3 नवंबर को घर से चला गया। उस दिन, परिवार ने एयरपोर्ट थाने में गुमशुदगी की डायरी दर्ज कराई। इस दिन, सुबह में तालाब से उसका शव बरामद किया गया।

## बामर लॉरी कंपनी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत जागरूकता पदयात्रा आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर बामर लॉरी कंपनी लिमिटेड ने 2 नवंबर को विजिलेंस - अवर शेयर्ड रिस्पॉन्सिबिलिटी विषय पर एक जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया। इस पदयात्रा का नेतृत्व कंपनी के फंक्शनल डायरेक्टर्स ने किया, जिसमें कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों में ईमानदारी, पारदर्शिता और सतर्कता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इसी क्रम में कंपनी के अन्य तीन क्षेत्रों में भी ऐसे ही पदयात्राओं का आयोजन किया गया, ताकि सतर्कता के संदेश को व्यापक स्तर पर फैलाया जा सके।



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जैन भक्तों ने कोलकाता में एक विशाल रैली का आयोजन किया



गुरु ग्रंथ साहिब के 556वें जन्मदिन के अवसर पर शहीद मीनार में आयोजित लंगर में भोजन का वितरण किया गया।

## न्यूज अपडेट

### प्लुरो फर्टिलिटी ने 125 करोड़ रुपये की फंडिंग जुटाई, 1,000 करोड़ का हुआ मूल्यांकन

**कोलकाता :** फर्टिलिटी स्टार्टअप प्लुरो फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने बेसेमर वेंचर पार्टनर्स के नेतृत्व में 125 करोड़ रुपये की सीरीज़ ए फंडिंग हासिल की है, जिससे कंपनी का मूल्यांकन 1,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। 2025 में डॉ. जयदीप टांक, डॉ. परीक्षित टांक और डॉ. भास्कर शाह द्वारा स्थापित प्लुरो तकनीक आधारित कपल फर्स्ट अनुभव के जरिये भारत में फर्टिलिटी केयर को नए स्तर पर ले जाने का प्रयास कर रहा है। यह प्लेटफॉर्म अग्रणी आईवीएफ विशेषज्ञों के साथ क्लिनिकल पार्टनरशिप मॉडल पर काम करता है, जिससे डॉक्टरों की स्वायत्तता बरकरार रखते हुए परिचालन और तकनीकी सहायता दी जाती है। कंपनी मार्च 2026 तक 25 फर्टिलिटी केंद्र खोलने और तीन वर्षों में 100 से अधिक क्लीनिक स्थापित करने की योजना बना रही है। प्लुरो का उद्देश्य टेक्नोलॉजी, रिसर्च और क्लिनिकल एक्सीलेंस के जरिये हर दंपति के मातृत्व-पितृत्व के सपने को साकार करना है।

### पूर्व रेलवे आरपीएफ ने 'ऑपरेशन उपलब्ध' के तहत टिकट कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने यात्रियों को आरक्षित टिकटों की निष्पक्ष उपलब्धता सुनिश्चित करने और टिकट कालाबाजारी की रोकथाम के लिए अपनी सतर्कता और निगरानी को और तेज कर दिया है। इसके लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन उपलब्ध' के तहत सभी मंडलों में लगातार निगरानी और प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। 1 अप्रैल से 31 अक्टूबर 2025 तक आरपीएफ ने कुल 137 मामले दर्ज किए और 150 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। आसनसोल मंडल में 13 मामले और 15 गिरफ्तार, सियालदह मंडल में 80 मामले और 81 गिरफ्तार, मालदह मंडल में 7 मामले और 6 गिरफ्तार, हावड़ा मंडल में 37 मामले और 48 गिरफ्तार किए गए। आरपीएफ टीमों ने साइबर मॉनिटरिंग, डिजिटल एनालिटिक्स और फील्ड इंटेलिजेंस के माध्यम से अवैध ई-टिकटिंग और रेलवे सुविधाओं के दुरुपयोग करने वाले दलाल नेटवर्क का पता लगाया। इस दौरान विशेष ध्यान आरक्षण काउंटरों, कॉमन सर्विस सेंटर और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर निवारक जांच पर दिया गया।

### डेबरा में सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के डेबरा ब्लॉक में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मंगलवार की शाम लगभग 7.30 बजे यह दुर्घटना 16 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरु नानक होटल के पास हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक युवक का नाम सुकदेव बायेन (24) है, जो डेबरा के बकलसा इलाके का निवासी था। जानकारी के मुताबिक, सुकदेव बाइक से खड़गपुर की दिशा से डेबरा की ओर आ रहा था। तभी पीछे से आ रही एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और उसे कुचलते हुए फरार हो गया। घटना की खबर मिलते ही डेबरा ट्रैफिक ओसी समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### फ्रैंकलिन टेम्पलटन ने लॉन्च किया फ्रैंकलिन इंडिया मल्टी फैक्टर फंड

**कोलकाता :** फ्रैंकलिन टेम्पलटन (इंडिया) ने आज अपना एनएफओ, फ्रैंकलिन इंडिया मल्टी-फैक्टर फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो मल्टी-फैक्टर आधारित डेटा-आधारित (क्वांटिटेटिव) निवेश रणनीति का पालन करती है। एनएफओ लॉन्च पर फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया के प्रेसिडेंट अविनाश सत्वालेकर ने कहा कि, आज टेक्नोलॉजी हमारे रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बन चुकी है। यह हमारे काम करने, बात करने और फैसले लेने के तरीके को बदल रही है। टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से अब बड़े पैमाने पर डेटा का विश्लेषण करना और उसके आधार पर क्वांटिटेटिव मॉडल बनाना संभव हो गया है, जिससे पोर्टफोलियो मैनेजर बेहतर निवेश अवसर खोज सकते हैं।

## उलूबेड़िया में तालाब से बरामद हुआ लापता बच्ची का शव

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के उलूबेड़िया थाना अंतर्गत बानीतला इलाके में बुधवार की सुबह एक सात वर्षीय बच्ची का शव घर के पास स्थित तालाब से बरामद किया गया। मृत बच्ची की पहचान रिया प्रमाणिक के रूप में हुई है। मंगलवार की दोपहर से ही वह लापता थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की दोपहर रिया घर के पास खेल रही थी और उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पाया। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन बच्ची का कुछ सुराग नहीं मिला। इसके बाद, बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने रिया के घर के पास तालाब में एक शव तैरते देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही उलूबेड़िया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर शरत चंद्र चटर्जी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेज



दिया गया है। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने शुरू कर दिए हैं। तलाशी के दौरान तालाब से रिया की साइकिल भी बरामद की गई है। पुलिस के प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, मंगलवार दोपहर साइकिल चलाते समय किसी कारणवश वह तालाब में गिर गई होगी और बाहर नहीं निकल पाई, जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## सम्मिलित सद्भावना ने देव दीपावली के अवसर पर भव्य गंगा आरती का किया आयोजन

**हावड़ा, समाज्ञा :** देव दीपावली के पावन अवसर पर हावड़ा के रामकृष्णपुर घाट पर सम्मिलित सद्भावना संस्था की ओर से बुधवार को भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। घाट पर दीपों की ज्योति और मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो उठा। संस्था पिछले 15 वर्षों से गंगा आरती का आयोजन कर रही है और इस वर्ष देव दीपावली पर इसे विशेष रूप से भव्य स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के संस्थापक विक्रांत दुबे, मनोज पांडेय, पंकज पांडेय, राम जी जायसवाल और परमेश्वर सिंह का विशेष योगदान रहा। आरती के दौरान सैकड़ों दीप प्रवाहित किए गए और हजारों श्रद्धालु इस दिव्य आयोजन के साक्षी बने।



## हेरिटेज बिजनेस स्कूल में होगा दो दिवसीय सस्टेनेबल डेवलपमेंट 2.0 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज बिजनेस स्कूल, कोलकाता, द टेलीग्राफ ऑनलाइन एजुग्राफ के सहयोग से 7 और 8 नवंबर को अपने हेरिटेज कैंपस में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सस्टेनेबल डेवलपमेंट : व्यूज फ्रॉम डिफरेंट पर्सपेक्टिव्स 2.0 का आयोजन करने जा रहा है। यह सम्मेलन हेरिटेज बिजनेस स्कूल के मुख्य मार्गदर्शक प्रो. अनुप कुमार सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित हो रहा है, जो इसके ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा, सतत विकास केवल पर्यावरणीय अवधारणा नहीं, बल्कि यह आर्थिक लचीलापन, सामाजिक समानता, सांस्कृतिक निरंतरता और उत्तरदायी शासन से जुड़ा एक समग्र दृष्टिकोण है। इस सम्मेलन के माध्यम से हम विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों और विशेषज्ञों को एक ऐसा मंच देना चाहते हैं, जहां जिम्मेदार विकास पर ठोस विचार उभर सकें। कार्यक्रम में देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों की भागीदारी रहेगी, जिनमें प्रो. अभिमन दास (आईआईएम अहमदाबाद), प्रो. रमणा मूर्ति (हैदराबाद विश्वविद्यालय), प्रो. सूरजित मजूमदार और प्रो. रोहित आजाद (जे.एन.यू.), प्रो. अनिर्बन दासगुप्ता (आईआईआईटी हैदराबाद), प्रो. सौम्या चक्रवर्ती (विश्वभारती), प्रो. कौस्तव बनर्जी (डॉ. बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली), प्रो. रोहित नेगी (आईआईएम कोलकाता), प्रो. जेनिया मुखर्जी (आईआईटी खड़गपुर), काव्या शेखर (बीसीजी कंसल्टेंट) तथा स्वर्णभा रॉय (डेटा साइंटिस्ट, यूएसए) शामिल हैं। हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि, हेरिटेज में शिक्षा का लक्ष्य केवल अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और सतत विकास के प्रति जागरूकता को भी बढ़ावा देना है।

## देव दीवाली पर सिद्धपीठ राज्यराजेश्वरी मंदिर में दिखा देवलोक जैसा नजारा

**हुगली :** सिद्धपीठ राज्यराजेश्वरी मंदिर में इस वर्ष भव्य देव दीवाली महोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरा मंदिर परिसर हजारों दीपों से जगमगा उठा। मां राज्यराजेश्वरी का दिव्य श्रृंगार देखने के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचे। फूलों की झालरें, दीपों की आभा और लाइटों की चमक ने मंदिर को देवलोक जैसा दृश्य प्रदान किया।

नदी तट पर श्रद्धालुओं ने दीप प्रवाहित किए, जिससे जल की लहरें भी सुनहरी चमक में नहाई नजर आईं। वातावरण में भक्ति, संगीत और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना से हुई। इस अवसर पर पंडित आचार्य रवि शंकर द्विवेदी, मुख्य प्रभारी सच्चित



स्वरूप महाराज और उप प्रभारी श्रीधर द्विवेदी की सान्निध्य में दीप पूजन और महाआरती सम्पन्न हुई। देर रात तक भक्त मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते रहे।

सच्चित स्वरूप महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि भारत साधु-संतों और सनातन संस्कृति की भूमि है। कार्तिक मास तप और दीपदान का महीना है, जिससे बढ़कर कोई पुण्य नहीं। उन्होंने विश्व शांति, धर्मरक्षा, गोसंवर्धन और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की अपील की।

## सोसायटी बेनिफिट सर्किल का निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं चश्मे का वितरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोसायटी बेनिफिट सर्किल ने देव दीपावली के शुभावसर पर हमीरागछी स्थित अपने चिकित्सालय से ग्रामीण लोगों के सहायतार्थ चश्मों का निःशुल्क वितरण किया। करीब 86 चश्मों का वितरण हुआ। साथ ही, कावंड़ियों के सेवार्थ निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। यह 4 नवंबर को संध्या 4 बजे से 5 नवंबर की शाम तक जारी रहा। संस्था के अध्यक्ष पवन बंसल के मार्गदर्शन में संस्था के अनु मिश्रा, अरुण झुनझुनवाला एवं चक्षु चिकित्सक शमीम अहमद



आदि ने शिविर को सफल बनाने में अपनी पूर्ण भागीदारी निभाई। यह जानकारी संस्था के प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान (चीकू) ने दी।

### पीटीआई के पूर्व पत्रकार अचिन रॉय का निधन

**कोलकाता :** प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) के पूर्व पत्रकार अचिन रॉय का बुधवार को यहां निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। रॉय 87 वर्ष के थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी और एक बेटा हैं। रॉय ने सामान्य और खेल क्षेत्र में रिपोर्टर के रूप में काम किया और समाचार एजेंसी के विदेश संवाददाता के रूप में ढाका में भी तैनात रहे। रॉय के बेटे सौपर्ण ने बताया कि रॉय कुछ समय से बीमार थे और उनका घर पर ही निधन हो गया। उन्होंने बताया कि 1998 में समाचार एजेंसी पीटीआई के पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद, रॉय ने बांग्ला समाचार पत्र 'दैनिक स्टेट्समैन' में सलाहकार संपादक के रूप में काम किया।

### भारत का बीएफएसआई सेक्टर 20 साल में 50 गुना बढ़ा : बजाज फिनसर्व एएमसी

**कोलकाता :** भारत के बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) सेक्टर ने पिछले दो दशक में जबरदस्त ग्रोथ हासिल की है। बजाज फिनसर्व एएमसी की एक स्टडी के अनुसार, भारत का बीएफएसआई सेक्टर 20 साल में 50 गुना बढ़ा है और इसका मार्केट कैप 91 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। साल 2005 में इस सेक्टर की बाजार हैसियत 1.8 लाख करोड़ रुपये थी। आंकड़े बताते हैं कि देश का बीएफएसआई सेक्टर सालाना आधार पर 22% की दर से बढ़ा है। अब बीएफएसआई सेक्टर भारत की जीडीपी में 27% का योगदान देता है, जबकि 20 साल पहले यह केवल 6% था। यह ग्रोथ मजबूत वित्तीयकरण , नियामकीय सुधारों और भारत की जनसांख्यिकीय बढ़त के कारण संभव हुई है।

### खानाकुल में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान तृणमूल समर्थकों पर लगा बीएलओ के साथ चलने का आरोप



**हुगली, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया के बीच राजनीति गर्मा गई है। हुगली जिले के खानाकुल से बुधवार को एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) अपने दस्तावेज लेकर जा रहे हैं और उनके पीछे तृणमूल कांग्रेस के झंडा लिए करीब 10 लोग चलते दिख रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही विवाद छिड़ गया है। भाजपा ने इस वीडियो को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर चुनावी प्रक्रिया में दखल का आरोप लगाया है, जबकि तृणमूल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि उनके कार्यकर्ता केवल बीएलओ की मदद कर रहे थे। भाजपा विधायक सुषांत घोष ने यह वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा करते हुए लिखा कि एसआईआर से डरी हुई तृणमूल अब बीएलओ के पीछे झंडा लेकर घूम रही है। बीएलओ घबराएं नहीं, ईमानदारी से काम करें, वरना दबाव में आ जायेंगे। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इसमें राजनीति नहीं, बल्कि सहयोग की भावना है।

## टीटागढ़ क्षत्रिय समाज एवं रामायण शिक्षा संस्थान ने स्वाधीन भारत संघ के सहयोग से किया भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

**कोलकाता :** टीटागढ़ क्षत्रिय समाज एवं रामायण शिक्षा संस्थान ने स्वाधीन भारत संघ के सहयोग से 4 नवंबर को एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा और भोग प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम टीटागढ़ लक्खी घाट चौधरीपाड़ा स्थित एम.जी. रोड के अंजनी केशरी हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से आरती में भाग लेकर हनुमान जी के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त की।

इस अवसर पर टीटागढ़ क्षत्रिय समाज से अनिल कुमार सिंह, नंदजी सिंह, चंद्रभान सिंह, कमलेश कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संतोष सिंह, दयानिधि सिंह, जितेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, बैरकपुर क्षत्रिय समाज से



मनोज सिंह आदर्श, कृष्णाजी सिंह, मनोज सिंह सिकरवार, धर्मेंद्र मिश्रा, काचरापाड़ा क्षत्रिय समाज से दुधेश्वर सिंह, सुरेश सिंह, श्रीकांत सिंह तथा रामायण शिक्षा संस्थान के शंभू चौधरी, नंद कुमार राय, शंभू शर्मा, शेखर चौधरी, जमशेद आलम, दीपक राय, रींकू जेना, पूर्व पार्षद राजेंद्र जेना, अधिवक्ता रुपेश श्रीवास्तव, अखिल भारतीय गायत्री परिवार के राजेन्द्र गुप्ता, राकेश पटेल, किसलय बनर्जी के साथ भारी संख्या में स्थानीय भक्तों ने भाग लिया और हनुमान जी का भोग प्रसाद ग्रहण कर उनका आशिर्वाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वाधीन भारत संघ के अध्यक्ष लिट्टू पात्र और सचिव बापी जेना सहित सभी सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

## सट्टेबाजी मामले में तीसरी गिरफ्तारी, सुजॉय बनगांव सीमा से गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** सट्टेबाजी मामले में एक और गिरफ्तारी हुई है। बता दें कि इससे पहले, खिदिरपुर स्पोर्टिंग क्लब के दो अधिकारियों टीम मैनेजर आकाश दास और खिदिरपुर स्पोर्टिंग क्लब के मीडिया मैनेजर राहुल साहा को गिरफ्तार किया गया था। दोनों से पूछताछ के बाद मिली जानकारी के आधार पर जासूसों ने सुजॉय भौमिक को गिरफ्तार किया। पता चला है कि सुजॉय मुख्य रूप से कोलकाता मैदान में फुटबॉलर सप्लायर के रूप में काम करता था। वह विभिन्न क्लबों को फुटबॉलरों के नाम जमा करता था। वह कोलकाता लीग में खेलने वाले कई क्लबों को फुटबॉलर सप्लाई करता था। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, मैच फिक्सिंग में गिरफ्तारियां शुरू होते ही सुजॉय ने



कोलकाता से भागने की योजना बनाई थी। कोलकाता से भागने की योजना तब बनी जब उन्हें पता चला कि 2 नवंबर की रात को कोलकाता पुलिस के जासूसों ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। लालबाजार के जासूसों ने मंगलवार की देर रात को उसे बनगांव के सीमावर्ती इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

## पत्नी की सोशल मीडिया पर अश्लील तस्वीरें पोस्ट करने के आरोप में पति गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिधाननगर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने सोशल मीडिया पर अश्लील तस्वीरें पोस्ट करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम पिंटू दास है। पुलिस थाने ने यह गिरफ्तारी उत्तर 24 परगना के देगांगा इलाके से की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सितंबर माह में साल्टलेक निवासी एक महिला ने बिधाननगर साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई हैं। यह तस्वीर पिंटू दास ने पोस्ट की थी। पिंटू दास उसका पति है। उसके साथ तलाक का मामला चल रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पिंटू दास ने करीब तीन साल पहले अपनी एक पूर्व प्रेमिका से शादी की थी। शादी के बाद पिंटू



ने अपने मोबाइल फोन में कई अश्लील तस्वीरें रखी थीं। पिंटू का अपनी पत्नी के साथ कुछ समय से अनबन चल रही है। साल्टलेक निवासी महिला ने सितंबर में फेसबुक पर अश्लील तस्वीरें देखने के बाद बिधाननगर साइबर क्राइम थाने का रुख किया था। उसकी पत्नी ने पिंटू दास के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। बिधाननगर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने जांच की और पिंटू दास को देगंगा से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति को बुधवार को बिधाननगर उपजिला अदालत में पेश किया जाएगा।

## भोजपुरी नवयुवक संघ ने नमकगोला घाट पर 1100 दीप प्रज्वलित कर मनाई देव दीपावली



**हावड़ा, समाज्ञा :** भोजपुरी नवयुवक संघ की ओर से हावड़ा के नमकगोला घाट पर देव दीपावली के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संघ के सदस्यों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने मिलकर 1100 दीप प्रज्वलित किए, जिससे पूरा घाट दीपमालाओं की रोशनी से आलोकित हो उठा। संघ के अध्यक्ष वेद तिवारी के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में गंगा माता की पूजा-अर्चना और आरती संपन्न हुई। भोजपुरी नवयुवक संघ हर रविवार को नमकगोला घाट पर शाम 5:30 बजे मां गंगा की भव्य आरती का आयोजन करता है, जिसमें वाराणसी से आए पंडितों द्वारा वैदिक विधि से आरती कराई जाती है।

## नकली कोकोनट हेयर ऑयल बनाने वाले गिरोह भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के तहत शिबदासपुर थाना इलाके में पुलिस ने नकली निहार नेचुरल्स कोकोनट हेयर ऑयल बनाने वाले गिरोह भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से सारा माल जब्त किया एवं एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

उक्त इलाके में निहार नेचुरल्स कोकोनट हेयर ऑयल की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है, जो नकली उत्पाद बनाता है। मिली जानकारी के अनुसार, गत सोमवार को पुलिस ने यहां छापा मारा और मौके पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम चंदन केशरी है। पता चला है कि बॉम्बे हाई कोर्ट



के ऑर्डर पर कोर्ट कमिश्नर अपॉइंट किया गया था। जब्त माल को मेरिको कंपनी अपने वेयरहाउस ले गई।

### अंजनी पुत्र सेना ने तेलकल घाट नागा बाबा आश्रम में सैकड़ों दीप प्रज्वलित की



**हावड़ा, समाज्ञा :** देव दीपावली व कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर अंजनी पुत्र सेना के द्वारा हावड़ा के तेलकल घाट नागा बाबा आश्रम में अष्टम वर्ष में आध्यात्मिकता के सैकड़ों दीप प्रज्ज्वलित कर दीपमाला सुस्सजित की गई। मातृशक्ति द्वारा गगन भेदी शंखनाद के साथ जय श्री राम के जय घोष के बीच सर्वप्रथम हनुमान जी की स्तुति की गई। तत्पश्चात श्री राम दरबार में दीप प्रज्ज्वलित कर समस्त अन्य देश स्थान पर दीप प्रज्ज्वलित हुए। मां गंगा की आराधना कर आरती के साथ बड़ी भारी संख्या में युवाओं और माता बहनों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सचिव सुरेंद्र वर्मा ने सदस्यता अभियान के तहत सभी सनातनी परिवार से सक्रिय सदस्य बनने का आह्वान किया गया।

# बिहार विस चुनाव : पहले चरण में तेजस्वी, सम्राट व विजय सिन्हा समेत 1,314 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए बृहस्पतिवार को होने वाले मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में कुल 3.75 करोड़ मतदाता 1,314 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। इस चरण में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे तेजस्वी यादव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ-साथ 16 मंत्रियों की किस्मत भी दांव पर है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव राघोपुर सीट से लगातार तीसरी जीत दर्ज करने की कोशिश में हैं। उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के सतीश कुमार हैं, जिन्होंने 2010 में



जनता दल (यूनाइटेड) के टिकट पर तेजस्वी की मां और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को पराजित किया था। राघोपुर सीट से जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर ने तेजस्वी के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान किया था, लेकिन बाद में उन्होंने मैदान में उतरने से परहेज किया और उनकी पार्टी ने चंचल सिंह को उम्मीदवार बनाया। राघोपुर सीट से सटी महुआ सीट पर तेजस्वी के बड़े भाई और जनशक्ति जनता दल के संस्थापक तेज प्रताप यादव बहुकोणीय मुकाबले में फंसे हैं। तेज प्रताप इस सीट पर राजद विधायक मुकेश रौशन को चुनौती दे रहे हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के संजय सिंह और 2020 में दूसरे स्थान पर रहीं आसमा परवीन निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं जिससे मुकाबला दिलचस्प हो गया है। पहले चरण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार के 16 मंत्रियों की किस्मत का फैसला होगा। इनमें भाजपा से 11 और जद(यू) से पांच मंत्री शामिल हैं। सीवान से भाजपा कोटे से स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, बांकीपुर से नितिन नवीन, तारापुर से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लखीसराय से उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, दरभंगा के जाले से नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा, दरभंगा शहरी से राजस्व मंत्री संजय सरावगी, कुढ़नी से पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, साहेबगंज से पर्यटन मंत्री राजू कुमार, अमनौर से सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू, बिहारशरीफ से पर्यावरण मंत्री सुनील कुमार और बछवाड़ा से खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता मैदान में हैं। वहीं, जद(यू) से पांच मंत्रियों में जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी (सराय रंजन), नालंदा से ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, बहादुरपुर से समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, कल्याणपुर से सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी और सोनबरसा से रत्नेश सदा शामिल हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंत्री मंगल पांडे पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।



देव दीपावली पर काशी में दिव्य नजारा, सीएम योगी ने नमो घाट पर की शुरुआत

## न्यूज इन ब्रीफ

### मायावती बृहस्पतिवार को बिहार के कैमूर जिले में चुनावी रैली को संबोधित करेंगी

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती बृहस्पतिवार को बिहार के कैमूर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगी। पार्टी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बसपा की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, यह रैली दोपहर में भभुआ हवाई पट्टी के पास एक मैदान में आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में आस-पास के जिलों और विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। पार्टी ने कहा कि बसपा बिहार विधानसभा चुनाव में लगभग सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है। बयान में कहा गया है कि बिहार में पार्टी के अभियान का नेतृत्व बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक एवं राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम, राष्ट्रीय समन्वयक अनिल सिंह और राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद कर रहे हैं। बिहार में पहले चरण का मतदान छह नवंबर को होगा, जबकि दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

### झारखंड में 30 लाख रुपये की 'ब्राउन शुगर' जब्त, सात लोग गिरफ्तार

**रांची :** रांची में अलग-अलग घटनाओं में 30 लाख रुपये मूल्य की 'ब्राउन शुगर' जब्त की गई और दो महिलाओं समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) पारस राणा ने बताया कि मादक पदार्थ के कुछ तस्करों के बिहार के सासाराम से 'ब्राउन शुगर' लाकर रांची में आपूर्ति करने के संबंध में मिली खुफिया सूचना पर कार्रवाई की गई। इसके तहत मंगलवार रात करीब सवा 10 बजे न्यू मार्केट ऑटो स्टैंड में एक महिला के पास से 92.46 ग्राम 'ब्राउन शुगर' जब्त करने के बाद उसे (महिला को) गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने कहा, ''महिला द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर उसके तीन सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया... गिरफ्तार किए गए चारों व्यक्तियों के पास से भी कुल 140 ग्राम 'ब्राउन शुगर' और 2.76 लाख रुपये नकद जब्त किए गए।'' पुलिस ने बताया कि एक अन्य अभियान में मेसरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बिजलीघर के पास तीन कथित तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 12.13 ग्राम 'ब्राउन शुगर', 3,900 रुपये नकद, पांच मोबाइल फोन आदि जब्त किए गए।

### लॉरेंस गिरोह के नाम पर व्यापारी से 50 लाख रु मांगने के आरोप में नाबालिग बेंगलुरु से पकड़ा गया

**शाहजहांपुर (उप्र) :** शाहजहांपुर जिले की पुलिस ने एक व्यापारी से खुद को लारेंस विश्नोई गिरोह का सदस्य बताकर कथित रूप से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले एक नाबालिग लड़के को बेंगलुरु से हिरासत में लिया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, 15 वर्षीय नाबालिग बेंगलुरु में पोहा की ठेली लगाता है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि थाना निगोही क्षेत्र में रहने वाले व्यापारी रणजीत सिंह ने 31 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि ओम सिंह नामक फेसबुक खाते से 'मैसेंजर' पर कॉल करके कहा गया कि वह लॉरेंस गिरोह से बोल रहा है और 50 लाख रुपये भेज दो, अन्यथा तुम्हारी हत्या कर दी जाएगी।

## बिहार में दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगा राजग : राजनाथ सिंह

**बांका (बिहार) :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार में दो-तिहाई बहुमत के साथ अगली सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा कि लोग राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के शासनकाल की तुलना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 वर्ष के कार्यकाल से कर रहे हैं। बांका जिले में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, नीतीश कुमार पर आज तक भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा, जबकि राजद के कई नेता भ्रष्टाचार के मामलों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजद के शासनकाल में लोगों को डराया-धमकाया जाता था, जबकि राजग सरकार ने जनता के हित में काम किया है। रक्षा मंत्री ने कहा, राजद शासन के दौरान बिहार का स्वास्थ्य बजट मात्र 700 करोड़ रुपये था, जो अब राजग सरकार में बढ़कर 20,000 करोड़ रुपये हो गया है। यह इस बात का प्रमाण है कि सरकार जनता के स्वास्थ्य को लेकर कितनी गंभीर है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा, कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि सीमावर्ती इलाकों में सड़कें बेहतर हों। राजद भी नहीं चाहता था कि बिहार में विकास हो। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की राजनीति में विकास विरोधी सोच को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, जब मोदी ने सत्ता संभाली, तब भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी। आज यह पांचवें स्थान पर है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचेगी। सिंह ने आतंकवाद के मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पड़ोसी देश में आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया।

## कार्तिक पूर्णिमा पर हरिद्वार में 26 लाख से अधिक लोगों ने गंगा में डुबकी लगायी

**हरिद्वार :** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर स्नान के लिए बुधवार को हरिद्वार में भारी भीड़ उमड़ी जहां सायंकालीन आरती संपन्न होने तक 26 लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगा चुके थे। पुलिस ने यहां



बताया कि सायंकालीन आरती तक 26 लाख 36 हजार श्रद्धालु हर की पौड़ी सहित गंगा के विभिन्न घाटों पर स्नान कर चुके थे। उन्होंने बताया कि अभी भी स्नान का सिलसिला जारी है। तड़के से ही दूर-दूर से आए स्नानर्थियों ने हरकी पौड़ी तथा अन्य घाटों पर जुटना शुरू कर दिया था। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा पर चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है और अपनी ऊर्जा पृथ्वी के विशेष स्थानों पर प्रदान करता है जिसे देखते हुए इस दिन दूर-दूर से श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए हरिद्वार आते हैं। स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के खास इंतजाम किये थे। हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल लगातार पूरे क्षेत्र का जायजा लेते रहे।

## उत्तर प्रदेश में जमीन हड़पने वालों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफिया और उन्हें बचाने वालों को बुधवार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी अवैध अतिक्रमण में लिप्त होगा या समाज को आतंकित करने की कोशिश करेगा, उसे 'भारी कीमत' चुकानी पड़ेगी। योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के डालीबाग इलाके में मुख्तार अंसारी के अवैध कब्जे से बरामद जमीन पर बने फ्लैटों की चाबियां कार्तिक पूर्णिमा के दिन बुधवार को आवंटियों को सौंपने के अवसर पर यह बात कही। आदित्यनाथ ने कहा, ''यह केवल मकानों का आवंटन नहीं है; यह संदेश है कि माफिया से छीनी गई जमीन पर अब गरीबों को मकान मिलेगा।'' अपराध के प्रति अपनी सरकार के सख्त रुख और 'जीरो टॉलरेंस' (कतई न बर्दाश्त करने की नीति) नीति को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो कोई भी सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण करेगा या गरीबों की जमीन हड़पेगा, उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने आवासीय परिसर में एक



पौधा भी लगाया। कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए आदित्यनाथ ने कहा, ''जबकि लाखों श्रद्धालु गढ़मुक्तेश्वर, प्रयागराज, काशी और अयोध्या में पवित्र स्नान कर रहे हैं, यह एक आशीर्वाद है कि हम लखनऊ में माफिया नियंत्रण से मुक्त जमीन पर लाभार्थियों को मकान सौंप सकते हैं।'' उन्होंने बताया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 36.65 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले इन फ्लैटों को 10.70 लाख रुपये में आवंटित किया है, जबकि इनका बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ रुपये है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक पुलिस महानिदेशक के आवास के सामने स्थित एकता वन में आयोजित एक समारोह के दौरान ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के 72 लाभार्थियों को फ्लैट की चाबियां सौंपी गई। इस कार्यक्रम में आदित्यनाथ ने स्वयं 10 आवंटियों को फ्लैट की चाबियां सौंपी। उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल आवास योजना के तहत निर्मित इन फ्लैटों की कीमत 10.70 लाख रुपये प्रति फ्लैट है और आवंटन के लिए लॉटरी प्रक्रिया मंगलवार को पूरी हो गई। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने कहा कि यह परियोजना माफिया के खिलाफ मुख्यमंत्री की 'जीरो टॉलरेंस' (कतई न बर्दाश्त करने की नीति) नीति का परिणाम है, जिसके तहत पूरे राज्य में अवैध जमीन को मुक्त कराया गया। कुमार ने बताया कि एलडीए ने अंसारी के कब्जे से वापस ली गई लगभग 2,322 वर्ग मीटर भूमि पर 72 फ्लैटों वाले तीन जी+3 ब्लॉक बनाए, जिनमें से प्रत्येक का आकार 36.65 वर्ग मीटर है।

## अंता उपचुनाव में टिकट आवंटन को लेकर भाजपा की अंदरूनी कलह से कांग्रेस को फायदा : पायलट

**कोटा (राजस्थान) :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने बुधवार को दावा किया कि राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा में चुनावी टिकट के बंटवारे को लेकर जारी अंदरूनी कलह से 11 नवंबर को होने वाले अंता विधानसभा उपचुनाव में उनकी पार्टी (कांग्रेस) को लाभ होगा। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट ने चुनाव में कांग्रेस की जीत के प्रति विश्वास जताते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी पार्टी के उम्मीदवार मोरपाल सुमन को पूर्ण समर्थन दिए जाने पर संदेह जताया। उन्होंने यहां कोटा हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, ''भाजपा अंदरूनी कलह से ग्रस्त है, जिससे उसके नेताओं के आपसी रिश्ते में खटास आ गई है। दूसरी



ओर, पूरी कांग्रेस पार्टी उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार प्रमोद जैन भाया की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह समर्पित है। पायलट ने कहा कि भाजपा की अंदरूनी कलह से कांग्रेस को जरूर फायदा होगा। उन्होंने कहा, ''राज्य में भाजपा सरकार के दो साल पूरे हो गए हैं और लोगों ने उसके कामकाज का आकलन कर लिया है। इस उपचुनाव में लोग सरकार की नाकामी, विश्वासघात और निष्क्रियता के आधार पर अपना फैसला सुनाएंगे।'' कांग्रेस पार्टी से निलंबित बागी पार्टी नेता नरेश मीणा द्वारा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में उपचुनाव लड़ने के बारे में पायलट ने कहा कि चुनाव तो कोई भी लड़ सकता है, लेकिन अंतिम फैसला जनता का होता है। उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव दो विचारधाराओं - भाजपा और कांग्रेस - के बीच की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि हालांकि, उपचुनाव सौहार्दपूर्ण माहौल में होना चाहिए। बिहार विधानसभा चुनाव के बारे में पायलट ने कहा कि राज्य के लगभग सभी जिलों में बदलाव की बयार बह रही है। उन्होंने दावा किया कि पूर्वी राज्य में चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें एहसास हुआ कि भाजपा पिछड़ रही है और महागठबंधन को भारी बहुमत मिलेगा।

## यूपी: मुख्यमंत्री ने मुख्तार अंसारी से बरामद जमीन पर बने फ्लैट आवंटियों को सौंपे

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के डालीबाग इलाके में मुख्तार अंसारी के अवैध कब्जे से बरामद जमीन पर बने फ्लैटों की चाबियां बुधवार को आवंटियों को सौंपी। एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक पुलिस महानिदेशक के आवास के सामने स्थित एकता वन में आयोजित एक समारोह के दौरान ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के 72 लाभार्थियों को फ्लैट की चाबियां सौंपी गई। इस कार्यक्रम में आदित्यनाथ ने स्वयं 10 आवंटियों को फ्लैट की चाबियां सौंपी। उन्होंने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल आवास योजना के तहत निर्मित इन फ्लैटों की कीमत 10.70 लाख रुपये प्रति फ्लैट है और आवंटन के लिए लॉटरी प्रक्रिया मंगलवार को पूरी हो गई। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने कहा कि यह परियोजना माफिया के खिलाफ मुख्यमंत्री की 'जीरो टॉलरेंस' (कतई न बर्दाश्त करने की नीति) नीति का परिणाम है, जिसके तहत पूरे राज्य में अवैध जमीन को मुक्त कराया गया। कुमार ने बताया कि एलडीए ने अंसारी के कब्जे से वापस ली गई लगभग 2,322 वर्ग मीटर भूमि पर 72 फ्लैटों वाले तीन जी+3 ब्लॉक बनाए, जिनमें से प्रत्येक का आकार 36.65 वर्ग मीटर है।

## अतरसावां स्थित मां काली मंदिर में भगवान श्रीराम का भव्य राज्याभिषेक और झांकी का आयोजन

**मऊ :** अतरसावां स्थित मां काली मंदिर परिसर में मंगलवार को भगवान श्रीराम का भव्य राज्याभिषेक संपन्न हुआ, जिसकी आकर्षक झांकी ने अंचलवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह आयोजन त्रिदिवसीय श्रीरामकथा के अंतिम दिन संपन्न हुआ, जिसकी कथा पूज्य श्री रितेश जी महाराज के श्रीमुख से हो रही थी। कार्यक्रम के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा, मऊ जिला के चेयरमैन मनोज राय एवं मनीष राय (डब्बू) विशेष रूप से उपस्थित रहे। कथा के दौरान अशोक वाटिका का प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जिसमें हनुमान जी छिपकर बैठकर सीताजी और रावण के संवाद को देख रहे थे। इस प्रसंग के वर्णन से श्रोता भावविभोर हो उठे। कथा के समापन अवसर पर व्यासपीठ से श्री रितेश जी महाराज ने सामाजिक सरोकारों पर विस्तृत रूप से उपदेश दिया। आयोजन में तारा राय, अरुण राय, अनूप राय, भाजपा के



मऊ जिला के पूर्व अध्यक्ष दुर्गविजय राय, विश्वनाथ राय, लालता राय, गुड्डन राय, मनीष राय, अतरसावां के पूर्व प्रधान धीरेंद्र कुमार राय, सतीश राय, देवेंद्र राय, तथा 'समाज्ञा' हिन्दी दैनिक के संपादक अनिल कुमार राय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस आयोजन की सफलता में अभिषेक राय (प्रिंशु), प्रभात राय और दीनानाथ गोंड की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीप्रकाश राय एवं अभिषेक राय ने संयुक्त रूप से किया।

## अलीगढ़ पुलिस ने 50-60 साल से अपराध नहीं करने वाले बुजुर्गों के नाम हिस्ट्रीशीटर की सूची से हटाए

**अलीगढ़ (उप्र) :** अलीगढ़ पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर की सूची से 70 साल से ज्यादा उम्र के ऐसे 130 लोगों के नाम हटा दिए हैं जिन्होंने लंबे अरसे से कोई अपराध नहीं किया है जिनमें 80 और 90 साल की आयु के बुजुर्ग भी शामिल हैं। पुलिस की हिस्ट्रीशीटर की सूची में नाम शामिल होने से इन बुजुर्गों को हर महीने थानों में हाजिरी देनी होती थी। पुलिस ने सोमवार को ऐसे लोगों के नाम हिस्ट्रीशीटर की सूची में से हटाने का फैसला किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नीरज कुमार ने कहा कि सूची की विस्तृत समीक्षा के दौरान 80 और 90 साल से ज़्यादा उम्र के कई ऐसे लोगों के नाम सामने आए, जिन्होंने 50 या 60 साल से ज़्यादा समय से कानून का उल्लंघन नहीं किया है जिसके बाद उनके नाम हिस्ट्रीशीटर की सूची से हटाने का फैसला लिया गया। कुमार ने संवाददाताओं से कहा, रिकॉर्ड की जांच करते समय, मुझे ऐसे मामले मिले जहां 1950 के दशक की शुरुआत में अपराध करने वाले, अपनी सजा काटने वाले और उसके बाद से कानून का पालन करने वाले लोगों को भी हर महीने थानों में रिपोर्ट करना पड़ता था। एसएसपी ने बताया कि अलीगढ़ ज़िले में लगभग 2,500 लोग हिस्ट्रीशीटर के रूप में सूचीबद्ध हैं और मानवीय पहल करते हुए, पुलिस ने सोमवार को इनमें से 130 नामों को सूची से हटाने का फैसला किया।

# उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में ट्रेन की चपेट में आने से छह महिलाओं की मौत

**मिर्जापुर :** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में चुनार रेलवे स्टेशन पर बुधवार को ट्रेन की चपेट में आने से छह महिलाओं की मौत हो गई। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) शशिकांत त्रिपाठी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई जब यात्री गाड़ी संख्या 13309 चोपन प्रयागराज एक्सप्रेस से पटरी वाली तरफ उतर गए। उन्होंने कहा कि इस दौरान वे सामने से आ रही गाड़ी संख्या 12311 नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए।



इस बीच, मिर्जापुर के जिलाधिकारी पवन गंगवार ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा कि यह घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई जब ट्रेन से आ रहे कई यात्री प्लेटफॉर्म के बजाय पटरियों की तरफ उतर गए। उन्होंने कहा, ''वे विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य ट्रेन की चपेट में आ गए, जिसका यहां ठहराव नहीं था। इस घटना में मिर्जापुर की पांच और सोनभद्र की एक महिला की मौत हो गई।''

## वीडियो से छेड़छाड़ की गई, मेरे खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निराधार: ललन सिंह

**पटना :** केंद्रीय मंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन ने बुधवार को आरोप लगाया कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान छेड़छाड़ किए गए वीडियो के आधार पर उनके खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। जद(यू) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ मंगलवार को बक्सर में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामला मोकामा में की गई उनकी टिप्पणी के संबंध में दर्ज किया गया है। सिंह ने कहा, मैं निर्वाचन आयोग की ओर से की गई कार्रवाई का सम्मान करता हूं। आयोग एक संवैधानिक व निष्पक्ष संस्था है। लेकिन जो वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, वह पूरी तरह छेड़छाड़ किया हुआ है। उन्होंने दावा किया कि मोकामा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकर्ता गरीब मतदाताओं को जद(यू) उम्मीदवार के पक्ष में वोट डालने से रोकने के लिए धमका रहे थे।

## राजग 'वोट चोरी' के जरिये बिहार में सरकार बनाना चाहता है : प्रियंका गांधी

**बेतिया (बिहार) :** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार में वोट चोरी के जरिये सरकार बनाना चाहता है। उन्होंने दावा किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं। पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर और चनपटिया में लगातार दो जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव ने कहा, ''राजग जानता है कि जनता उसके 20 साल के शासन से ऊब चुकी है, इसलिए वह वोट चोरी में लिप्त है।'' उन्होंने कहा, ''आज देश में हालात ऐसे हैं, जैसे अंग्रेजों के शासनकाल में हुआ करते थे, मुझे संदेह है कि भविष्य में इस देश में चुनाव भी होंगे या नहीं।'' प्रियंका ने कहा, ''मेरे



भाई राहुल गांधी ने आज हरियाणा में 'वोट चोरी' का पूरा ब्योरा दिया है।'' उनका इशारा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए उन आरोपों की ओर था, जिनमें 2024 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में व्यापक अनियमितताओं का दावा किया गया था। उन्होंने कहा, ''राजग सब कुछ बर्बाद कर देगा... यह भी साफ नहीं है कि आगे चुनाव होंगे या नहीं... आप चुप क्यों हैं? इन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाइए।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री को बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार रोकने, युवाओं को शिक्षा देने की बजाय इस बात की चिंता है कि कांग्रेस के पोस्टर में तेजस्वी यादव की तस्वीर क्यों नहीं है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''मोदी जी खुद अपनी रैलियों में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मंच पर साथ नहीं रखते, लेकिन कांग्रेस पर सवाल उठाते हैं।'' प्रियंका ने तंज कसते हुए कहा, ''राजग को बिहार के युवाओं के भविष्य से ज्यादा राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के भविष्य की चिंता है।'' उन्होंने कहा कि यदि 'इंडिया' गठबंधन को बिहार में सरकार बनाने का मौका मिला, तो राज्य के हर नागरिक को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। प्रियंका ने कहा, हम हर गरीब परिवार के लिए कम से कम एक सरकारी नौकरी देने की कोशिश करेंगे। साथ ही, विभिन्न विभागों में लाखों रिक्त पदों को भरा जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी उद्योग गुजरात में लगाए जा रहे हैं, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य है। उन्होंने कहा, ''उनकी मंशा को समझिए... जो लोग जमीन और संसाधन कॉरपोरेट घरानों को सौंप देते हैं, वे कभी गरीबों के लिए काम नहीं करेंगे।'' प्रियंका ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार पांच साल अंबानी-अदाणी के लिए काम करती है और चुनाव के समय जनता के बीच लौटती है। उन्होंने कहा कि बिहार के किसान टैक्स और कृषि लागत बढ़ने के कारण अपनी आय नहीं बढ़ा पा रहे हैं।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं : सैनी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन पर अपने ''झूठ'' से देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने ''वोट चोरी'' के खिलाफ अपनी मुहिम को जारी रखते हुए बुधवार को हरियाणा की मतदाता सूची से जुड़े आंकड़े सामने रखे और दावा किया कि पिछले साल अक्टूबर में हुए राज्य विधानसभा चुनाव को 25 लाख फर्जी मतों के जरिये चोरी किया गया था। गांधी ने निर्वाचन आयोग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलीभगत का आरोप भी लगाया। सैनी ने हालांकि गांधी के आरोपों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। गांधी के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि वह कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। सैनी ने पंचकूला में पत्रकारों से कहा, ''लेकिन राहुल गांधी देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस ने हमेशा देश को पीछे धकेलने का काम किया है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इसके ''युवराज'' के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। उन्होंने कहा, ''आज मैं कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। जब समय आएगा तो मैं निश्चित रूप से बोलूंगा, क्योंकि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है।'' सैनी ने कहा, ''वे (कांग्रेस) झूठ बोलकर देश को गुमराह कर रहे हैं। ऐसे झूठ फैलाकर लोग आपके साथ नहीं आएंगे।'' उन्होंने कहा, ''आप (राहुल गांधी) झूठ बोल रहे हैं। आपकी चार पीढ़ियों ने देश पर राज किया। यदि चार पीढ़ियों के शासन के बाद भी कांग्रेस और राहुल गांधी बाबा झूठ बोलते हैं, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।'' भाजपा ने बड़े पैमाने पर वोट चोरी के आरोप को ''झूठा और निराधार'' बताते हुए खारिज कर दिया और कांग्रेस नेता पर अपनी नाकामियों को छिपाने और देश के लोकतंत्र को बदनाम करने के लिए निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाने का आरोप लगाया। भाजपा नेता किरेन रीजीजू ने कहा कि यदि मतदान में कोई अनियमितता है तो इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग से करनी चाहिए या अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए। मंत्री ने कहा, ''लेकिन वह (राहुल गांधी) ऐसा कभी नहीं करते।''

# हरियाणा का विधानसभा चुनाव 'चोरी' हुआ था, भाजपा सरकार वैध नहीं: राहुल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ''वोट चोरी'' के खिलाफ अपनी मुहिम को जारी रखते हुए बुधवार को हरियाणा की मतदाता सूची से जुड़े आंकड़े सामने रखे और दावा किया कि पिछले साल अक्टूबर में हुए राज्य विधानसभा चुनाव को 25 लाख फर्जी मतों के जरिये चोरी किया गया था। उन्होंने निर्वाचन आयोग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलीभगत का आरोप भी लगाया और कहा कि न सिर्फ हरियाणा की सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वैध रूप से पद पर नहीं हैं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी सरकार में वैध रूप से नहीं हैं। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों का कहना है कि राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप ''निराधार'' हैं क्योंकि प्रदेश में उनके पार्टी के बूथ एजेंट की




ओर से मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की गई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने संवाददाता सम्मेलन में एक लंबी प्रस्तुति दी और कहा कि हरियाणा में 'वोट चोरी' को लेकर वह जो बातें कर रहे हैं वो सौ फीसदी सबूत पर आधारित हैं। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि हरियाणा में सर्वेक्षणों में कांग्रेस की जीत की संभावना जताई गई थी, लेकिन सुनियोजित ढंग से कांग्रेस की तय जीत को हार में बदला गया। गांधी ने कहा, ''मैं 'जेन जेड' से कहना चाहता हूं कि देखिये कि कैसे आपके भविष्य की चोरी की जा रही है।'' उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के एक बयान का वीडियो

### हरियाणा में वोट चोरी संबंधी राहुल गांधी का दावा 'निराधार', देश को बदनाम करने की कोशिश: भाजपा

दिखाया जिसमें सैनी ने कथित तौर पर सरकार बनाने की ''व्यवस्था'' होने की बात की थी। राहुल गांधी ने दावा किया कि हरियाणा में पांच अलग-अलग तरीकों से 25,41,144 फर्जी मतों से ''वोट चोरी'' की गई। कांग्रेस नेता ने कहा, ''हरियाणा में पांच तरीके की 'वोट चोरी' है। 'डुप्लीकेट वोटर' की संख्या 5,21,619 रही। फर्जी पते वाले मतदाताओं की संख्या 93,174 थी, 'बल्क वोटर' 19,26,351 थे।''

### हरियाणा को लेकर राहुल के दावे निराधार: निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा हरियाणा में मतदाता सूची को लेकर लगाए गए आरोप ''निराधार'' हैं क्योंकि प्रदेश में न तो उनकी पार्टी के बूथ एजेंट की ओर से मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील दायर की गई और न ही एक से अधिक मतदान की शिकायत की गई थी। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी राहुल गांधी के इस दावे पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि मतदाता सूची में 25 लाख प्रविष्टियां ''फर्जी'' थीं और पिछले साल हरियाणा विधानसभा चुनाव ''चोरी'' हुआ था।

उन्होंने कहा कि फॉर्म 6 और फॉर्म 7 का भी दुरुपयोग किया गया। फॉर्म 6 का उपयोग मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और फॉर्म 7 का इस्तेमाल गलत मतदाता सूची से गलत प्रविष्टि हटाने के लिए किया जाता है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''फॉर्म 6 और फॉर्म 7 के जरिये वोटरों को जोड़ा और घटाया जाता है। महादेवपुरा और आलंद के खुलासे के बाद निर्वाचन आयोग ने इसका डेटा देना बंद कर दिया है।'' राहुल गांधी ने दावा किया, ''हरियाणा चुनाव की मतदाता सूची 'डुप्लीकेट वोटर' से भरी पड़ी है। ये एआई का समय है। निर्वाचन आयोग चाहे तो दो मिनट में फर्जी मतदाताओं के नाम हटा सकता है। लेकिन आयोग ऐसा इसलिए नहीं करता, क्योंकि वो 'वोट चोरी' में भाजपा की मदद कर रहा है।''

## भाजपा सात नवंबर को 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाएगी

### शामिल होंगे प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली/गुरुग्राम :** राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश भर में 150 महत्व-पूर्ण स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' गाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात नवंबर को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में ऐसे ही एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि पार्टी इस उपलब्धि को उत्सव के रूप में मनाने की योजना बना रही है। चुघ ने कहा, इस अवसर को मनाने के लिए सात नवंबर से 26 नवंबर (संविधान दिवस) तक देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सात नवंबर को 150 महत्वपूर्ण स्थानों पर वंदे मातरम गाया जाएगा, जिसके बाद स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की शपथ ली जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने आईजी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के शामिल होने की जानकारी साझा की। गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए धनखड़ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में वंदे मातरम गीत के गायन में भाग लेंगे। जिन स्थानों पर सात नवंबर को वंदे मातरम का गायन आयोजित किया जाएगा उनमें कारगिल युद्ध स्मारक, अंडमान और निकोबार सेलुलर जेल, ओडिशा का स्वराज आश्रम, आगरा में शहीद स्मारक पार्क और वाराणसी में नमो घाट शामिल हैं। चुघ ने कहा, इस दौरान कविता लेखन, पाठन और चित्रकला जैसे कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### ओडिशा: संबलपुर में पुरानी दुश्मनी में युवक की हत्या के आरोप में सात लोग गिरफ्तार

**संबलपुर (ओडिशा) :** ओडिशा के संबलपुर जिले में कई आपराधिक मामलों का सामना कर रहे एक युवक की तीन नवंबर को हुई हत्या के आरोप में पुलिस ने बुधवार को सात लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने चिंटू बहादुर पर तलवार, चाकू और पत्थरों से हमला किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। हमलावरों की पीड़ित से पहले से दुश्मनी थी। बहादुर हमलावरों में से एक के भाई की 2019 में हत्या का आर-ोपी था। हमले के दौरान बहादुर का दोस्त सत्य रंजन ढाला (लिपू) किसी तरह भागने में सफल रहा। हमले में घायल होने के कारण वह फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि बहादुर हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और जबरन वसूली सहित 25 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल था। गिरफ्तार किए गए लोग संबलपुर जिले के हीराकुंड क्षेत्र के रहने वाले थे।

### महाराष्ट्र: मुंबई के वडाला में परीक्षण के दौरान मोनोरेल एक ओर झुकी, कोई हताहत नहीं

**मुंबई :** मुंबई के वडाला डिपो में बुधवार सुबह परीक्षण के दौरान मोनोरेल ट्रेन का एक डिब्बा बीम से टकराने के बाद गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने कहा कि ट्रेन के अंदर कोई यात्री नहीं था। मोनोरेल संचालक महा मुंबई मेट्रो रेल ऑपरेशंस लिमिटेड (एमएमएमओपीएल) ने इसे एक मामूली घटना बताते हुए कहा कि दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों और वीडियो में ट्रेन थोड़ी झुकी हुई दिखाई दे रही है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह नौ बजे हुई और मोनोरेल से चालक दल के दो सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। इस संबंध में एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि बचाए गए व्यक्तियों में से एक के माथे पर मामूली खरोंचें थीं और उसे तुरंत प्राथमिक उपचार के लिए डिपो के अंदर ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना वडाला डिपो के ठीक बाहर एक 'क्रॉसओवर' पॉइंट पर हुई, जब सुबह करीब नौ बजे 'सिग्नलिंग' परीक्षण के लिए सफेद रंग के मोनोरेल रेक को बाहर निकाला जा रहा था।

### श्मशान घाट से महिला की अस्थियां और राख गायब, पुलिस ने जांच शुरू की

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर जिले के एक श्मशान घाट से 23 वर्षीय महिला की अस्थियां और राख के रहस्यमय ढंग से गायब होने से ग्रामीणों और पुलिस में जादू-टोने के संदेह के बीच असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यह घटना उमरेड पुलिस थाने की सीमा में हुई। उमरेड की 23 वर्षीय महिला की सोमवार सुबह बीमारी के कारण मौत हो गयी थी। पुलिस ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया और दोपहर करीब एक बजे उमरेड के भिवापुर वाई-पॉइंट के पास श्मशान घाट पर उसका अंतिम संस्कार किया गया।

## शुभांशु शुक्ला को प्रयोग के नमूने एकत्र करने के लिए तीन घंटे तक अपने ही चारों ओर घूमना पड़ा

**नयी दिल्ली :** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर अपने 18 दिनों के प्रवास के दौरान किये गये सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रयोगों के नमूने निकालने के लिए तीन घंटे तक अपने ही चारों ओर घूमना पड़ा था। यहां सशक्त विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) में शुक्ला ने कक्षीय प्रयोगशाला में बिताए समय, 'लिफ्ट-ऑफ' और 'स्प्लैशडाउन' के दौरान 'जी-फोर्स' के अनुभव, शून्य गुरुत्व की अनुभूति और अंतरिक्ष यात्रा के बाद पृथ्वी पर जीवन में फिर से ढलने के अनुभव की झलक साझा की। 'लिफ्ट-ऑफ' और 'स्प्लैशडाउन' अंतरिक्ष यात्रा के दो अलग-अलग चरण हैं। 'लिफ्ट-ऑफ' से तात्पर्य रॉकेट का पृथ्वी की सतह से अंतरिक्ष की ओर उड़ान भरना है, जबकि 'स्प्लैशडाउन' एक अंतरिक्ष यान का पैराशूट की सहायता से किसी समुद्री क्षेत्र में उतरना है। शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन पर अपने एक घंटे के भाषण में कहा, ''मेरा उद्देश्य आपको अपने साथ इस यात्रा पर ले जाना और सुनना है कि मैंने क्या अनुभव किया है, ताकि आप इसे (अंतरिक्ष उड़ान) मेरे साथ महसूस कर सकें।'' शुक्ला ने बताया कि उन्होंने एक थैली से नमूने निकालने के लिए सिरिंज का इस्तेमाल करते हुए कम से कम तीन घंटे खुद को घुमाया, ताकि यह अध्ययन किया जा सके कि सूक्ष्म शैवाल, जो घने पोषण का स्रोत है, अंतरिक्ष में कैसे बढ़ता है।

## महाराष्ट्र के किसानों को मझधार में छोड़कर बिहार चुनाव में व्यस्त हैं फडणवीस : उद्धव

**छत्रपति संभाजीनगर :** शिवसेना (उबाठा) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि वह (फडणवीस) अपने ही राज्य के किसानों को मझधार में छोड़कर बिहार में चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बारिश और बाढ़ से प्रभावित किसानों के लिए कृषि ऋण माफी पर निर्णय के लिए सरकार द्वारा दी गई 30 जून, 2026 की तारीख ''स्वीकार्य नहीं'' है। ठाकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि यदि सरकार ऋण माफ करने की योजना बना रही है तो क्या किसानों को अपनी किश्तें चुकाना जारी रखना होगा। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख ने बुधवार को



छत्रपति संभाजीनगर के पैठण तालुका के नांदर गांव से अपने चार दिवसीय मराठवाड़ा दौरे की शुरुआत की, जहां उन्होंने किसानों से बातचीत की। उन्होंने दिन में बाद में पाली (बीड), पाथरुड, शिरसाव (धाराशिव) और घरी (सोलापुर) गांवों का दौरा भी किया। ठाकरे ने पाली गांव में कहा, ''लोगों को एकजुट होकर मौजूदा सरकार को सबक सिखाना चाहिए। मैं आपके साथ हूं और मुख्यमंत्री बिहार में हैं। यहां किसान परेशान हैं। लेकिन किसानों को इसी हालत में छोड़कर फडणवीस बिहार में घूम रहे हैं। यहां, वे (भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार) (लाडकी बहिन योजना) का लाभ एक परिवार के केवल दो सदस्यों को देते हैं। लेकिन, बिहार में वह हर महिला के खाते में 10,000 रुपये देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि बिहार में चुनाव हैं।'' ठाकरे ने कहा, ''मेरे पास एक वीडियो है जिसमें मुख्यमंत्री फडणवीस कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार को सबसे ज़्यादा प्यार करते हैं। तो क्या महाराष्ट्र उनके लिए सौतेला बेटा है? वे यहां सत्ता का सुख भोगते हैं, लेकिन वहां ऐसी भाषा का प्रयोग करते हैं। प्रधानमंत्री को कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश से प्रेम करना चाहिए।''

## मोदी-शाह का मॉडल है कि जनसमर्थन नहीं मिले तो मतदाता सूची बदल दो: कांग्रेस

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने हरियाणा में कथित 'वोट चोरी' को लेकर राहुल गांधी के संवाददाता सम्मेलन के बाद बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का ''मॉडल'' साफ है कि जब जनसमर्थन न मिले तो मतदाता सूची ही बदल दो। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राहुल गांधी के संवाददाता सम्मेलन ने भारत के सबसे बड़े चुनावी 'फ्रॉड (फर्जीवाड़े)' का पर्दाफाश कर दिया है। हरियाणा में 25 लाख फर्जी वोटर, भाजपा की पूरी जानकारी और चुनाव आयोग की मूक सहमति से तैयार किए गए।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''मोदी-शाह का मॉडल साफ है कि जब जनसमर्थन न मिले, तो मतदाता सूची ही बदल दो।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''वही चुनाव आयोग जो नफरत भरे भाषणों पर सोया रहता है, वह असली मतदाताओं को सूची से हटाने और नकली मतदाता जोड़ने में अचानक सक्रिय हो जाता है। यह मतदाता सूची का संशोधन नहीं, यह वोट चोरी है। राहुल गांधी ने ''वोट चोरी'' के खिलाफ अपनी मुहिम को जारी रखते हुए बुधवार को हरियाणा की मतदाता सूची से जुड़े आंकड़े सामने रखे और दावा किया कि पिछले साल अक्टूबर में हुए राज्य विधानसभा चुनाव को 25 लाख फर्जी मतों के जरिये चोरी किया गया था।

## प्रवासी उत्तराखंडी हमारे सच्चे 'ब्रांड एंबेसडर': मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को प्रवासी उत्तराखंडियों को प्रदेश का सच्चा 'ब्रांड एंबेसडर' बताया और उनसे राज्य के विकास अभियान में भागीदार बनने का आह्वान किया । उत्तराखंड स्थापना के रजत जयंती उत्सव के तहत आयोजित प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी उत्तराखंडी प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं और मातृभूमि के गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहे हैं और वे प्रदेश के सच्चे 'ब्रांड एम्बेसडर' हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासी उत्तराखंडी जहां भी रहते हैं, अपने साथ देवभूमि की संस्कृति और



अपनी मिट्टी की सुगंध लेकर चलते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रवासी उत्तराखंड परिषद का गठन इसी उद्देश्य से किया है ताकि उनके सुझाव और अनुभव राज्य के विकास की मुख्यधारा में शामिल किए जा सकें। इस संबंध में उन्होंने कहा कि प्रदेश के अनेक प्रवासी स्वयं अपने गांवों को गोद लेकर विकास में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकसित भारत, विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है और शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, पेयजल, पर्यटन, ऊर्जा और हवाई संपर्क सहित सभी क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों में नीति आयोग की रैंकिंग में प्रदेश को प्रथम स्थान मिलना, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में एचीवर्स तथा स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर्स श्रेणी प्राप्त होना राज्य के सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है।

## मुंब्रा रेल दुर्घटना: रेलवे कर्मचारियों ने बदले गए ट्रैक की वेल्डिंग ठीक से नहीं की थी- पुलिस

**मुंबई :** मुंबई के उपनगर मुंब्रा में नौ जून को हुई ट्रेन दुर्घटना की जांच में यह सामने आया है कि हादसे से चार दिन पहले रेलवे कर्मचारियों ने पटरियों के एक हिस्से को बदला था, लेकिन उसकी वेल्डिंग नहीं की गयी थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, असमतल पटरियों की वजह से उस लाइन पर चल रही ट्रेन समानांतर लाइन की ओर झुक गई और कई यात्री गिर पड़े। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हुई थी। इसमें कहा गया है कि संबंधित रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को इस बात का अंदाजा था कि प्रतिस्थापित ट्रैक को जोड़ा (वेल्ड) नहीं गया था। यह घटना पड़ोसी ठाणे जिले के दिवा और मुंब्रा रेलवे स्टेशनों के बीच उस समय घटी जब दो ट्रेन एक तीव्र मोड़ पर (मुंब्रा स्टेशन के पास) एक-दूसरे को पार कर रही थीं। इनमें से एक ट्रेन कसारा और दूसरी मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) की ओर जा रही थी। पुलिस के अनुसार, कोच के फुटबोर्ड पर खड़े कुछ यात्री उस समय पटरी पर गिर गए जब उनके बैग आपस में टकरा गए। एक नवंबर को इस मामले में सहायक मंडल अभियंता विशाल डोलस, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता समर यादव और रेलवे ट्रैक के रखरखाव के लिए जिम्मेदार अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

## एअर इंडिया का विमान उलानबटोर में फंसे 228 यात्रियों को लेकर दिल्ली आया

**नयी दिल्ली :** एअर इंडिया का एक विमान मंगोलिया की राजधानी उलानबटोर में फंसे 228 यात्रियों और चालक दल के 17 सदस्यों को लेकर बुधवार सुबह दिल्ली पहुंचा। तकनीकी समस्या के कारण सोमवार को सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आ रहे विमान का मार्ग परिवर्तित कर उसे मंगोलिया की राजधानी ले जाया गया, जिसके बाद यात्री वहां फंस गए थे। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि उलानबटोर से यात्रियों को लेकर एअर इंडिया का राहत विमान बुधवार सुबह करीब आठ बजकर 24 मिनट पर राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा। राहत उड़ान संख्या एआई183 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के साथ संचालित की गई। घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने सोमवार को कहा था कि उलानबटोर ले जाए गए बोइंग 777 विमान में 228 यात्रियों और चालक दल के 17 सदस्यों सहित 245 लोग सवार थे। एयरलाइन ने बुधवार को एक बयान में कहा, ''एहतियाती तौर पर मार्ग परिवर्तन के बाद मंगोलिया के उलानबटोर में फंसे एआई174 के यात्रियों और चालक दल को लेकर राहत उड़ान आज सुबह दिल्ली में उतरी।'' संबंधित अधिकारियों के अलावा एअर इंडिया ने भी अपने यात्रियों को मार्ग परिवर्तन के दौरान उनके धैर्य और समझदारी के लिए धन्यवाद दिया।

## मप्र में बड़ी रेल लाइन परियोजना के लिए कटेंगे 1.24 लाख पेड़, पर्यावरणविदों ने चेताया

**इंदौर :** मध्यप्रदेश में रेलवे की महू-खंडवा आमान परिवर्तन परियोजना के तहत निर्माण का रास्ता साफ करने के लिए घने जंगलों से होकर गुजरने वाले एक खंड में कम से कम 1.24 लाख पेड़ काटे जा सकते हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस अहम परियोजना के तहत रेलवे की ऐतिहासिक छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदला जा रहा है। उन्होंने बताया कि नये रेल मार्ग के कारण मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर और देश की आर्थिक राजधानी के रूप में मशहूर मुंबई के बीच की दूरी कम हो जाएगी और पश्चिमी मध्यप्रदेश का दक्षिण भारत से भी संपर्क मजबूत होगा। पर्यावरणविदों ने रेल लाइन बिछाए जाने के लिए बड़ी तादाद में पेड़ काटे जाने की योजना के कारण आबो-हवा पर बुरे असर को लेकर आगाह किया है, जबकि वन विभाग का कहना है कि उसने पेड़ कटाई से पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभावों को कम करने की विस्तृत योजना बनाई है। इंदौर के वन मंडलाधिकारी (डीएफओ) प्रदीप मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''रेलवे की महू-खंडवा आमान परिवर्तन परियोजना के महू-सनावद खंड के निर्माण के लिए इंदौर और खरगोन जिलों में फैले घने जंगलों में कुल 1.41 लाख पेड़ प्रभावित होने का अनुमान है। हमारे अनुमान के मुताबिक, इनमें से 1.24 लाख पेड़ तो कटने ही हैं, लेकिन हम अन्य पेड़ों को बचाने की पूरी कोशिश करेंगे। पहाड़ी क्षेत्र में रेल लाइन के लिए सुरंगें बनने के कारण भी कई पेड़ बच जाएंगे।'' डीएफओ ने बताया कि वन विभाग को रेल परियोजना के वास्ते पेड़ काटने के लिए केंद्र सरकार की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है और तय औपचारिकताओं के बाद इसकी अंतिम स्वीकृति जारी की जाएगी।

## टीवीके ने विजय को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया

**चेन्नई :** अभिनेता विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) की विशेष आम परिषद की बैठक में उन्हें (विजय) अगले साल होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया गया है। इसके अलावा टीवीके ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के गठबंधन पर फैसला लेने के लिए विजय को ही अधिकृत किया है। टीवीके की विशेष बैठक अभिनेता विजय के नेतृत्व में बुधवार को यहां महाबलीपुरम के एक निजी होटल में आयोजित की गई। विजय इस बैठक में भाग लेने सफेद शर्ट पहन कर अपने विशिष्ट दाढ़ी वाले लुक में आये। टीवीके की आम परिषद की बैठक में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों की बार-बार की जाने वाली गिरफ्तारी, राज्य में महिलाओं की सुरक्षा और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर कुल 12 प्रस्ताव पारित किए गए। पार्टी सूत्रों ने बताया कि विधानसभा चुनावों के मद्देनजर गठबंधन पर निर्णय लेने के लिए टीवीके संस्थापक को अधिकृत करने वाला प्रस्ताव आम परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया। टीवीके की बैठक में पारित प्रस्ताव के मुताबिक, समाज के सभी वर्गों के प्रिय, विजय मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हैं।

## नगालैंड पुलिस ने बास्केटबॉल खिलाड़ी की हत्या की गुत्थी सुलझाई, चाचा निकला हत्यारा

**कोहिमा :** नगालैंड पुलिस ने राज्य स्तरीय बास्केटबॉल खिलाड़ी विहोझोनू जाओ की हत्या का मामला सुलझाने का दावा करते हुए इस मामले में खिलाड़ी के चाचा को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोहिमा के पुलिस अधीक्षक क्रोडी रेत्सो ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मुख्य आरोपी की पहचान सैमुअल जाओ (31) के रूप में हुई है, जिसे मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। अधिकारी ने बताया कि 25 अक्टूबर को 22 वर्षीय खिलाड़ी विहोझोनू का शव ओल्ड मिनिस्टर्स हिल स्थित उसके घर के बाहर संदिग्ध हालात में मिला था। इसके बाद दक्षिण थाने की पुलिस टीम ने घटनास्थल की घेराबंदी कर फॉरेंसिक साइंस लैब की मदद से जांच शुरू की। खिलाड़ी के दूसरे चाचा वेकेथोजो जाओ की शिकायत पर कोहिमा महिला थाने में मामला दर्ज किया गया। इसके बाद 26 अक्टूबर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के. सोरिसो के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। पुलिस ने मामले को बेहद पेचीदा बताते हुए कहा कि संभवत: शायद वारदात को कहीं और अंजाम दिया गया। इसी वजह से पुलिस को वारदात की कड़ियों को जोड़ने में काफी मुश्किलें आईं। हालांकि, लगातार और बारीकी से जांच करने के बाद एसआईटी ने आरोपी की पहचान कर ली और उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। रेत्सो ने बताया, पूछताछ के दौरान सैमुअल जाओ ने स्वीकार किया कि उसने विहोझोनू को चाय बनाने के लिए कहा था, लेकिन वह मोबाइल फोन में व्यस्त रही और काम टालती रही। इसी बात पर गुस्से में आकर उसने डंडे से उसके सिर पर वार किया, जिससे वह गिर पड़ी। उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपी ने स्वेटर से उसका सिर ढक दिया, फोन बंद किया, सिम कार्ड निकालकर मोबाइल तोड़ दिया और अगले दिन सुबह उसके टुकड़े कचरे के ट्रक में फेंक दिए।

## बिलासपुर ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हुई, 20 अन्य घायल




**बिलासपुर (छत्तीसगढ़) :** बिलासपुर रेलवे स्टेशन के करीब मंगलवार को हुए रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है, जबकि 20 लोग घायल हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना मंगलवार शाम लगभग चार बजे हुई, जब 'मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट' (एमईएमयू) यात्री ट्रेन कोरबा जिले के गेवरा से पड़ोसी जिले बिलासपुर जा रही थी। रेलवे के अधिकारियों ने कहा, '' दुर्घटना में छह महिलाओं सहित 11 लोगों की मौत हुई है तथा 20 अन्य घायल हो गए हैं।'' उन्होंने बताया कि 11 मृतकों में से पांच की पहचान रेलगाड़ी के लोको पायलट

### कांग्रेस ने मृतकों के परिजनों के लिए एक करोड़ रु मुआवजा व उच्च स्तरीय जांच की मांग की

विद्या सागर (53), लवकुश शुक्ला (41), रंजीत प्रभाकर (40), शीला यादव (25) और प्रिया चंद्र (21) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में से चार महिलाओं और दो पुरुषों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। 20 घायलों में नौ महिलाएं और दो वर्षीय बच्चा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यात्री ट्रेन की सहायक लोको पायलट रश्मि राज (34) और ट्रेन मैनेजर अशोक कुमार दीक्षित (54) तथा मालगाड़ी के गार्ड शैलेश चंद्र (49) भी अस्प-ताल में भर्ती हैं। अधिकारियों ने बताया कि टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि रेलगाड़ी का एक डिब्बा मालगाड़ी के एक डिब्बे के ऊपर चढ़ गया। बचाव दल को रेलगाड़ी के टूटे-फूटे डिब्बे को काटकर शवों को निकालने के लिए घंटों मेहनत करनी पड़ी, क्योंकि कई शव मलबे में बुरी तरह फंसे हुए थे। उन्होंने बताया, ''रेल प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य तत्काल प्रारंभ कर दिए थे तथा घायलों को नजदीकी अस्पतालों में समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। घायल यात्रियों को बिलासपुर के अपोलो अस्पताल, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बचाव और मरम्मत का काम सुबह करीब साढ़े पांच बजे पूरा हो गया।

## जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने के लिए पिछले पांच सालों में बड़ी कुर्बानी दी गई : सिन्हा

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश को शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समृद्ध बनाने के लिए पिछले पांच वर्षों में बहुत बड़ी कुर्बानी दी गई है। उन्होंने इसी के साथ समाज के सभी वर्गों से शांति भंग करने का प्रयास करने वाले तत्वों के खिलाफ एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। सिन्हा गैर-लाभकारी संगठन विश्वग्राम द्वारा 'जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में शांति, लोग और संभावनाएं' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। उपराज्यपाल ने अपने संबोधन में जम्मू-कश्मीर के एक नए दृष्टिकोण के बारे में बात की, जो शांतिपूर्ण, भयमुक्त, समृद्ध, एकजुट हो और



जिसमें प्रत्येक नागरिक सशक्त हो तथा भारत की प्रगति से प्रभावित हो। उन्होंने रेखांकित किया कि जम्मू-कश्मीर आज जहां है, वहां तक लाने के लिए पिछले पांच वर्षों में बड़ी कुर्बानी दी गई है। उप राज्यपाल ने कहा, ''आज जम्मू-कश्मीर में जो शांति दिखाई दे रही है, उससे सभी लोग परस्पर सम्मान के साथ फल-फूल रहे हैं और सभी को सम्मानजनक जीवन जीने का समान अवसर मिल रहा है। शांति का प्रभाव, बेहतर कल के लिए लोगों के प्रयास और बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए अपार संभावनाओं के रूप में देखी जा सकती हैं।'' सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनता-प्रथम, सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों का पालन किया गया है, जिससे लोगों और जम्मू-कश्मीर दोनों के जीवन में बदलाव आया है। उपराज्यपाल ने आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने के अपने संकल्प को दो-हराते हुए शांति, न्याय और समानता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, ''हम सामाजिक-आर्थिक विकास को मजबूत करने और अपने युवाओं के सपनों को हकीकत में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

## विश्व शतरंज कप : दिप्तायन घोष ने नेपोम्नियाची को हराकर उलटफेर किया

**पणजी :** ग्रैंडमास्टर दिप्तायन घोष ने विश्व शतरंज कप में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पूर्व विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर रूस के इयान नेपोम्नियाची को दूसरे दौर के दूसरे गेम में हरा दिया। एकतरफा मुकाबले में घोष ने उन्हें कोई मौका ही नहीं दिया। जीत के बाद उन्होंने कहा ,'' यह मेरे शतरंज कैरियर की सबसे बड़ी जीत है।'' इससे पहले ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा तीसरे दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने रूस के अर्सेनी नेस्तेरोव को मात दी। वहीं विश्व जूनियर चैम्पियन वी प्रणव को नॉर्वे के आर्यन तारी ने हराया।

## जोकोविच ने यूनान में टेनिस की वापसी पर जीत हासिल की

**एथेंस :** नोवाक जोकोविच ने यूनान में 30 साल से भी अधिक समय के बाद किसी शीर्ष स्तर के टेनिस टूर्नामेंट की वापसी पर शुरू में संघर्ष करने के बाद सीधे सेटों में जीत हासिल करके हेलेनिक चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यूनान में 1994 के बाद पहली बार आयोजित किए जा रहे एलीट स्तर के टूर्नामेंट के पहले दौर में चिली के एलेजांद्रो ताबिलो को 7-6 (3), 6-1 से पराजित किया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने दबाव में अपनी सर्विस बरकरार रखी, जब तक कि जोकोविच टाईब्रेकर में जीत नहीं गए। दूसरे सेट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने दो बार ताबिलो की सर्विस तोड़ी और मैच 90 मिनट में अपने नाम कर दिया। इस वर्ष की शुरुआत में अपने परिवार के साथ एथेंस में बसने वाले जोकोविच ने मैच के बाद कहा, ''एथेंस ने खेलना वास्तव में घर जैसा लगता है। यहां के लोग मेरे साथ बहुत दोस्ताना व्यवहार करते हैं जिसने वास्तव में मेरे दिल को छू लिया।''

# गिल की निगाह बड़े स्कोर पर, भारत का पलड़ा भारी

**कैरारा (गोल्ड कोस्ट) :** अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे जिसमें भारतीय टीम जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। तीन मैचों के बाद श्रृंखला 1-1 से बराबर है लेकिन ऑस्ट्रेलिया की टीम कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में थोड़ा कमजोर नजर आ रही है। पिछले मैच में जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति से स्पष्ट अंतर नजर आया था जब भारत 186 रनके लक्ष्य को हासिल करके श्रृंखला बराबर करने में सफल रहा था। चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया को ट्रेविस हेड की भी कमी खलेगी क्योंकि सलामी बल्लेबाज को एशेज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड में खेलना है। ऑस्ट्रेलिया की टीम के इन दोनों प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भारत के पास गाबा में अंतिम मैच से पहले 2-1 की बढ़त हासिल करने का यह सबसे अच्छा मौका है। हालांकि, भारतीय टीम प्रबंधन को टेस्ट और वनडे



कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म थोड़ी परेशान कर सकती है, क्योंकि उन्होंने अब तक ऑस्ट्रेलिया के वर्तमान दौरे में छह मैच खेले हैं और एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है। एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत से अब तक उनके स्कोर का क्रम 10, 9, 24, नाबाद 37, 5 और 15 है। अभी तक केवल एक बार वह अच्छी फॉर्म में दिखे थे। वह कैनबरा में था जब उन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ अच्छी साझेदारी की थी। बारिश के कारण यह मैच रद्द कर दिया गया था। गिल को फुल लेंथ की गेंदों से परेशानी हो रही है, जिनमें मूवमेंट की झलक दिख रही है। चिंता की बात यह है कि गिल अभी तक अपनी चिर परिचित लय में नहीं दिखे हैं। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि अभिषेक शर्मा ने विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज की अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन किया है और टीम को उनसे एक बार फिर एक और जोरदार पारी की उम्मीद होगी। गिल को एक सप्ताह के भीतर लाल गेंद से खेलना शुरू करना होगा और अगर वह किसी भी प्रारूप में खेल रहे हों तो कुछ रन बनाने से उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहले और तीसरे मैच में अच्छी शुरुआत के साथ अपनी पुरानी फॉर्म की झलक दिखाई है लेकिन अब वह बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगली श्रृंखला से पहले उन्हें एक महीने का ब्रेक मिलेगा। इस बीच, उम्मीद की जा रही है कि सूर्यकुमार पुडुचेरी के खिलाफ मुंबई की ओर से रणजी ट्रॉफी मैच खेलेंगे। अर्शदीप सिंह के शामिल होने से गेंदबाजी विभाग अधिक मजबूत दिखता है, जबकि कुलदीप यादव को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए वापस भेज दिया गया है। टीम प्रबंधन का मुख्य मुद्दा हमेशा से यह रहा है कि कुलदीप और अर्शदीप दोनों को एक साथ नहीं खिलाया जा सकता। लेकिन फिलहाल ऐसी कोई समस्या नजर नहीं आती है। वाशिंगटन सुंदर की मौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी मजबूत नजर आती है। वाशिंगटन ने पिछले मैच में 23 गेंद पर नाबाद 49 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## भारत ए बनाम दक्षिण अफ्रीका एः सिराज, राहुल, कुलदीप और बावुमा की नजर अच्छी तैयारी पर



### फिट होकर पंत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिये टेस्ट टीम में वापसी, शमी को जगह नहीं

**बेंगलुरु :** भारत ए के कप्तान ऋषभ पंत पहले मैच की तरह अपनी फॉर्म और फिटनेस बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे जबकि मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी गुरुवार से यहां तेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच में लाल गेंद से महत्वपूर्ण मैच अभ्यास हासिल करने की कोशिश करेंगे। पंत ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के इसी मैदान पर पिछले सप्ताह खेले गए पहले मैच में विकेटकीपर के रूप में 139.3 ओवर बिना किसी परेशानी के खेले और साथ ही बल्लेबाज के रूप में 133 गेंदें खेली। उन्होंने दूसरी पारी में 90 रन बनाकर अपनी बल्लेबाजी फॉर्म का भी अच्छा परिचय दिया। फिटनेस की चिंता पूरी तरह से पीछे छूट जाने के बाद बाएं हाथ का यह बल्लेबाज अब 14 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले एक बार फिर अपने खेल के चरम पर पहुंचने की कोशिश करेगा। सिराज, केएल राहुल और कुलदीप स्वदेश लौटने से पहले भारत के ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे का हिस्सा थे और अब वे दक्षिण अफ्रीका ए जैसी प्रतिस्पर्धी टीम के खिलाफ अपने लाल गेंद के कौशल को निखार सकते हैं। पहले मैच में भारतीय टीम ने तीन विकेट से जीत हासिल की थी और दक्षिण अफ्रीका की टीम अब श्रृंखला बराबर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

## महिला विश्व कप स्टार रिचा घोष को सोने की परत वाली गेंद और बल्ला देगा कैब

**कोलकाता :** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) भारत की विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष को महिला विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिये यहां शनिवार को ईडन गार्डंस पर एक भव्य सम्मान समारोह में खास तौर से बनाये गए सोने की परत चढा बल्ला और गेंद प्रदान करेगा। भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत की शिल्पकारों में से एक रिचा ने आठ पारियों में 133 . 52 की स्ट्राइक रेट से 235 रन बनाये। वह टीम के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाली पांच बल्लेबाजों में से थी। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के हस्ताक्षर वाला बल्ला उन्हें भारतीय क्रिकेट में अतुलनीय योगदान के लिये प्रदान किया जायेगा।

## अर्शदीप जानते हैं कि हम बड़ी तस्वीर को देखते हुए अलग-अलग संयोजन आजमा रहे हैं: मोर्कल

**कैरारा (गोल्ड कोस्ट) :** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा कि अर्शदीप सिंह को चयन मामलों में भले ही परेशानी का सामना करना पड़ा हो लेकिन यह तेज गेंदबाज इस बात को अच्छी तरह से समझता है कि टीम प्रबंधन बड़ी तस्वीर को देखते हुए अलग-अलग संयोजन आजमा रहा है। अर्शदीप को होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। उन्होंने शानदार वापसी की और वह



मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए थे। उन्हें पहले दो मैचों में अंतिम एकादश में नहीं चुना गया क्योंकि उन्हें और कुलदीप यादव को एक साथ नहीं खिलाया जा सकता और दुबई की परिस्थितियों के कारण सितंबर में एशिया कप में भी वे पहली पसंद नहीं थे। गौरतलब है कि अर्शदीप टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 से अधिक विकेट लेने वाले एकमात्र भारतीय गेंदबाज़ हैं। मोर्कल ने गुरुवार को यहां होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले संवाददाताओं से कहा, ''अर्शदीप अनुभवी हैं और उन्हें पता है कि हम बड़ी तस्वीर को देख रहे हैं और अलग-अलग संयोजनों को आजमा रहे हैं। उन्हें पता है कि वह विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं और उन्होंने पावरप्ले में अधिकतर विकेट लिए हैं।''

## शर्मा, चक्रवर्ती आईसीसी पुरूष टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर

**दुबई :** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने आईसीसी पुरूष टी20 खिलाड़ियों की बुधवार को जारी रैंकिंग में बल्लेबाजों और गेंदबाजों में शीर्ष स्थान कायम रखा है। अभिषेक बल्लेबाजों की रैंकिंग में 925 रेटिंग अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि इंग्लैंड के फिल साल्ट और भारत के तिलक वर्मा उनके बाद हैं। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव आठवें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में चक्रवर्ती शीर्ष पर हैं जबकि आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड दसवें स्थान पर आ गए हैं। वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दूसरे और अफगानिस्तान के राशिद खान तीसरे स्थान पर हैं। भारत का कोई अन्य गेंदबाज शीर्ष दस में नहीं है। हरफनमौलाओं की सूची में भारत के हार्दिक पंड्या चौथे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के सईम अयूब शीर्ष पर, जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा दूसरे और वेस्टइंडीज के रोस्टन चेस तीसरे स्थान पर हैं।

## सेंटनेर की पारी गई बेकार, वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को सात रन से हराया

**आकलैंड :** वेस्टइंडीज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए कम स्कोर वाले पहले टी20 मैच में बुधवार को न्यूजीलैंड को सात रन से हरा दिया। कप्तान शाई होप ने 39 गेंद में 53 रन बनाये। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर छह विकेट पर 164 रन बनाये। न्यूजीलैंड ने दसवें ओवर तक दो विकेट खोकर 70 रन बना लिये थे लेकिन इसके बाद सात विकेट 37 रन के भीतर गिर गए और 17वें ओवर में स्कोर नौ विकेट पर 107 रन था। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर ने ऐसे में 28 गेंद में 55 रन बनाकर उम्मीद जगाई। उन्होंने 18वें ओवर में मैथ्यू फोर्डे को चार चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद 19वें ओवर में जैसन होल्डर को पहली तीन गेंदों पर चौके लगाये। आखिरी ओवर में न्यूजीलैंड को 20 रन की जरूरत थी और सेंटनेर ने तीसरी गेंद पर रोमारियो शेफर्ड को छक्का लगाया। लेकिन अगली दो गेंद पर वह दो ही रन बना सके और आखिरी गेंद पर चौका लगाया। वेस्टइंडीज के लिये रोस्टन चेस ने 26 रन देकर और जेडन सील्स ने 32 रन देकर तीन तीन विकेट लिये। पांच मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच बृहस्पतिवार को खेला जायेगा।

## युवराज ने हांगकांग में क्रिकेट क्लिनिक का आयोजन किया

**नयी दिल्ली :** भारत की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने लॉरियस 'स्पोर्ट फॉर गुड' पहल की सराहना की है जिसके तहत वह इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस के साथ मिलकर हांगकांग में क्रिकेट क्लिनिक का आयोजन कर रहे हैं। भारत के लिए दो बार विश्व कप जीतने वाले युवराज और स्ट्रॉस बुधवार को स्थानीय हांगकांग क्रिकेट क्लब में इस क्लिनिक का आयोजन कर रहे हैं। युवा खिलाड़ियों को 'स्पोर्ट फॉर गुड' मिशन के तहत इन दोनों दिग्गजों से सामूहिक कोचिंग और सलाह मिलेगी। युवराज ने पीटीआई से कहा, ''जब से मैंने खेलना छोड़ा है, तब से मैं लॉरियस का एम्बेसडर हूं। यह एक शानदार जुड़ाव रहा है। जैसा कि आप जानते हैं कि मेरा एक कैंसर फाउंडेशन है और लॉरियस जो कार्यक्रम चलाता है, उसका नाम है स्पोर्ट फॉर गुड। मुझे लगता है कि यह लोगों को एक साथ लाने का बहुत अच्छा तरीका है।'' उन्होंने कहा, ''खेल में दुनिया को बदलने की शक्ति है, मानसिकता को बदलने की शक्ति है और किसी भी खेल को खेलने के लिए समुदायों को एक साथ लाना, उन्हें एकजुट करना और कुछ अच्छा करना बहुत अच्छी बात है।''



## टेस्ला ने शरद अग्रवाल को नियुक्त किया भारत प्रमुख



**नयी दिल्ली :** अमेरिका की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला ने लैम्बॉर्गिनी इंडिया के पूर्व प्रमुख शरद अग्रवाल को अपने भारतीय परिचालन का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब कंपनी भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करने पर विचार कर रही है। टेस्ला ने जुलाई में मुंबई में अपना पहला अनुभव केंद्र खोला और अगस्त में दिल्ली के एरोसिटी में दूसरा अनुभव केंद्र खोला। इस साल जुलाई में मॉडल 'वाई' पेश करने के बाद कंपनी ने इसकी आपूर्ति शुरू कर दी है। लैंबॉर्गिनी के बाद, अग्रवाल ने महिंद्रा एंड महिंद्रा की इकाई क्लासिक लीजेंड्स में मुख्य व्यवसाय अधिकारी का पद भी संभाला था।

## ओला इलेक्ट्रिक ने भारत में विकसित 4680 भारत सेल वाले स्कूटर की डिलिवरी शुरू की

**नयी दिल्ली :** ओला इलेक्ट्रिक ने अपने 4680 भारत सेल से चलने वाले एस1 प्रो प्लस स्कूटर की डिलिवरी शुरू कर दी है। कंपनी बुधवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि एस1 प्रो प्लस (5.2 किलोवाट घंटा) उसका पहला ऐसा स्कूटर है जिसमें पूरी तरह भारत में बनी 4680 भारत सेल बैटरी लगी है। यह बैटरी पहले से ज्यादा रेंज, बेहतर प्रदर्शन और बढ़ी हुई सुरक्षा प्रदान करती है। ओला ने बताया कि अपनी खुद की बैटरी सेल और पैक बनाकर अब वह भारत की पहली कंपनी बन गई है जो पूरी तरह से घरेलू स्तर पर बैटरी निर्माण करती है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, ''4680 भारत सेल से चलने वाले वाहनों की डिलिवरी शुरू होना भारत के लिए वास्तविक ऊर्जा स्वतंत्रता की दिशा में एक बड़ा कदम है।''

# भारत एफटीए में डेयरी, किसानों, एमएसएमई के हितों के साथ नहीं करता समझौताः गोयल

**ऑकलैंड :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत डेयरी, कृषि और एमएसएमई जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा सभी मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में करता रहा है और इस पर कोई भी समझौता नहीं करेगा। गोयल ने यह भी कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इस समय दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी चौथे दौर की बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''भारत डेयरी, किसानों और एमएसएमई के हितों से कभी भी समझौता नहीं करता है। हम हमेशा इन संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की सुरक्षा करते हैं।'' न्यूजीलैंड विश्व का प्रमुख डेयरी उत्पादक देश है,



और ऐसे में इस क्षेत्र में बाजार पहुंच बढ़ाने की उसकी मांग को लेकर भारत की स्थिति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। न्यूजीलैंड की चार दिन की आधिकारिक यात्रा पर वेलिंगटन पहुंचे गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि दोनों देशों ने व्यापार समझौते में एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान करने पर सहमति जताई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत ने अब तक किसी भी व्यापार समझौते में डेयरी या कृषि क्षेत्र में साझेदार देश को शुल्क रियायत नहीं दी है। उन्होंने कहा, ''हम ऐसे मुद्दों को नहीं छूते हैं। हम एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान करते हैं।'' वार्ता के अगले चरणों को लेकर पूछे गए सवाल पर वाणिज्य मंत्री ने कहा, ''हो सकता है कि हमें बहुत अधिक चरणों की जरूरत न पड़े। इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति पहले ही हो चुकी है। व्यापार समझौते की दिशा में ठोस चर्चा चल रही है। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि भारत कृषि प्रौद्योगिकी, खासकर डेयरी मशीनरी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसर देख सकता है। गोयल ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और व्यापार मंत्री टॉड मैकक्ले से मुलाकात में भी व्यापार समझौते से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की। लक्सन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दोनों देश ऐसा व्यापार समझौता कर रहे हैं जो न्यूजीलैंड की कंपनियों को भारतीय बाजार में बड़े अवसर देगा। गोयल ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा, हम दोनों देशों के पारस्परिक हितों की रक्षा करने वाला एक अच्छा समझौता करेंगे। यह सौदा जल्दबाजी में नहीं, बल्कि सभी संवेदनशील मुद्दों पर विचार के बाद होगा। उन्होंने कहा कि रक्षा, कृषि, अंतरिक्ष, शिक्षा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भारत-न्यूजीलैंड के बीच सहयोग की बड़ी संभावनाएं हैं।

## फिजिक्सवाला का 3,480 करोड़ रुपये का आईपीओ 11 नंवबर को खुलेगा

**नयी दिल्ली :** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी 'फिजिक्सवाला' 11 नवंबर को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। कंपनी का इसके जरिये अपनी विस्तार योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए 3,480 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य है। बाजार नियामक सेबी के पास बुधवार को जमा विवरण पुस्तिका के मुताबिक, कंपनी के सार्वजनिक निर्गम 13 नवंबर तक आवेदन किए जा सकेंगे। एंकर निवेशकों को शेयर 10 नवंबर को आवंटित किए जाएंगे। आईपीओ के तहत 3,100 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और प्रवर्तकों की तरफ से 380 करोड़ रुपये तक के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। कंपनी के दोनों प्रवर्तक- अलख पांडे और प्रतीक बूब इस दौरान ओएफएस के माध्यम से 190 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचेंगे। वर्तमान में, दोनों के पास कंपनी में 40.31 प्रतिशत हिस्सेदारी है। नोएडा स्थित फिजिक्सवाला ने मार्च में गोपनीय मार्ग के जरिये आईपीओ के लिए सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए थे और उसे जुलाई में बाजार नियामक की मंजूरी मिली थी। कंपनी ने आईपीओ के लिए गोपनीय 'प्री-फाइलिंग' मार्ग चुना जिससे उसे बाद के चरणों तक आईपीओ विवरणों का सार्वजनिक खुलासा रोकने की अनुमति मिली। फिजिक्सवाला ने कहा कि नए शेयरों के निर्गम से मिलने वाली राशि में से 460.5 करोड़ रुपये नए 'ऑफलाइन' और 'हाइब्रिड' शिक्षण केंद्रों की स्थापना पर खर्च किए जाएंगे। वहीं 548.3 करोड़ रुपये मौजूदा केंद्रों के पट्टा राशि के भुगतान के लिए उपयोग किए जाएंगे। इसके अलावा, कंपनी अपनी अनुषंगी जाइलम लर्निंग में 47.2 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसमें नए केंद्रों के लिए 31.6 करोड़ रुपये और पट्टे की राशि के भुगतान और छात्रावासों के लिए 15.5 करोड़ रुपये शामिल हैं।

## माइक्रोसॉफ्ट भारत समेत 15 देशों में 'कोपायलट' का स्थानीय डेटा प्रसंस्करण करेगी

**नयी दिल्ली :** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने कहा है कि वह अपने कृत्रिम मेधा (एआई) टूल 'माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपायलट' के लिए 2026 तक भारत समेत 15 देशों में स्थानीय स्तर पर ही डेटा प्रोसेसिंग की सुविधा शुरू करेगी। इस कदम का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं के डेटा को देश की सीमाओं के भीतर ही सुरक्षित रखना और नियामकीय अनुपालन को मजबूत करना है। माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपायलट एआई पर आधारित एक डिजिटल सहायक है जो माइक्रोसॉफ्ट के ऑफिस अनुप्रयोगों- वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट, आउटलुक और टीम्स में एकीकृत है। यह उपयोगकर्ता के निर्देश पर सामग्री बनाने, डेटा विश्लेषण, ईमेल या रिपोर्ट लिखने और सारांश बनाने जैसे काम करता है। माइक्रोसॉफ्ट ने अपने एक ब्लॉग में कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और ब्रिटेन में ग्राहकों को 2025 के अंत तक यह विकल्प मिलेगा कि उनके कोपायलट टूल पर होने वाली बातचीत और प्रतिक्रियाओं से संबंधित आंकड़े देश की सीमाओं के भीतर स्थित डेटा केंद्रों में ही प्रसंस्कृत किए जाएं। इसके बाद 2026 में कनाडा, जर्मनी, इटली, मलेशिया, पोलैंड, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अमेरिका में भी यह सुविधा शुरू की जाएगी। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि यह कदम सरकारी संस्थानों और अत्यधिक विनियमित उद्योगों के लिए डेटा सुरक्षा और शासन को सुदृढ़ करेगा। कंपनी माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपायलट ग्राहकों के लिए डेटा को स्थानीय स्तर पर ही प्रसंस्कृत करने की सुविधा पहले से ही 27 देशों में उपलब्ध करा रही है। घरेलू डेटा प्रसंस्करण की यह पहल उस समय आई है जब प्रौद्योगिकी कंपनी ने हाल में अनुपालन ढांचे में सुधार किए हैं।

## माझी ने ओडिशा में नए बंदरगाह, जहाज निर्माण परियोजना के लिए 46,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की

**पारादीप (ओडिशा) :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बुधवार को गंजम जिले के बाहुदा में एक नया बंदरगाह और पारादीप के पास महानदी के मुहाने पर एक जहाज निर्माण और मरम्मत केंद्र स्थापित करने की योजना की घोषणा की, जिसका कुल निवेश 46,000 करोड़ रुपये से अधिक होगा। माझी ने पारादीप बंदरगाह के स्थापना दिवस और बंदरगाह शहर में 'बोइता बंदना उत्सव' के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने पुरी में एक विश्व स्तरीय क्रूज टर्मिनल स्थापित करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और पारादीप बंदरगाह प्राधिकरण संयुक्त रूप से



गंजम जिले के बाहुदा में 21,500 करोड़ रुपये के निवेश से एक बड़े बंदरगाह के निर्माण की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, ''इसी तरह, पारादीप के पास महानदी के मुहाने पर 24,700 करोड़ रुपये के निवेश से एक जहाज निर्माण और मरम्मत केंद्र स्थापित किया जाएगा, जबकि पुरी में एक विश्व स्तरीय क्रूज टर्मिनल बनाया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं राज्य के व्यापार, पर्यटन और उद्योग के प्रमुख क्षेत्रों को एक नई दिशा प्रदान करेंगी। राज्य के आर्थिक विकास में पारादीप बंदरगाह की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए माझी ने कहा कि इस सुविधा को भारत के सर्वश्रेष्ठ बड़े बंदरगाह के रूप में मान्यता दी गई है।

## डेल्हीवरी के मुख्य वित्त अधिकारी अमित अग्रवाल ने दिया इस्तीफा

**मुंबई :** लॉजिस्टिक सेवा प्रदाता डेल्हीवरी ने बुधवार को अपने मुख्य वित्त अधिकारी अमित अग्रवाल के इस्तीफे की घोषणा की और विवेक पबारी को उनका उत्तराधिकारी नियुक्त किया। कंपनी ने यह भी बताया कि अरुणा सुंदरराजन ने कंपनी के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है और उनका इस्तीफा एक जनवरी, 2026 से प्रभावी होगा, क्योंकि उन्हें एक नियामकीय निकाय में सरकारी प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया है। डेल्हीवरी ने एक बयान में कहा, ''अमित अग्रवाल ने व्यक्तिगत कारणों से 31 दिसंबर, 2025 को कार्य समय की समाप्ति से कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी और प्रमुख प्रबंधन कर्मी के पद से इस्तीफा दे दिया है।'' बयान में कहा गया है, ''इसके अलावा, पांच नवंबर को हुई बोर्ड की बैठक में, एक जनवरी, 2026 से कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक के रूप में विवेक पबारी की नियुक्ति पर विचार किया गया और उसे मंजूरी दी गई।''

## शेयर बाजार की धारणा निकट भविष्य में सकारात्मक रहने की संभावना: विश्लेषक

**नयी दिल्ली :** विश्लेषकों का कहना है कि घरेलू शेयर बाजार में निवेशक धारणा निकट भविष्य में सकारात्मक बनी रह सकती है। हालांकि, हाल के तेज उछाल के बाद सीमित मुनाफावसूली की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। अक्टूबर महीने में बीएसई सेंसेक्स में 3,671.09 अंक यानी 4.57 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 1,111 अंक यानी 4.51 प्रतिशत बढ़ गया। दोनों सूचकांकों ने 23 अक्टूबर को 52-सप्ताह के अपने उच्चतम स्तर को भी छुआ। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, अक्टूबर में आया तेज उछाल मजबूत कॉरपोरेट आय, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार खरीद, वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में नरमी और 2025 में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से प्रेरित रही। आगे भी धारणा सकारात्मक रहेगी लेकिन मौजूदा उच्च मूल्यांकन के चलते उतार-चढ़ाव और क्षेत्रवार बदलाव देखने को मिल सकता है। अक्टूबर में विदेशी निवेशकों ने तीन महीने की निकासी के बाद फिर से भारतीय बाजार में 14,610 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, आगे बाजार सीमित दायरे में रह सकता है लेकिन झुकाव सकारात्मक रहेगा। घरेलू आर्थिक बुनियाद मजबूत हैं जिससे निवेशकों का भरोसा बना हुआ है। हालांकि, वैश्विक अनिश्चितताएं निकट अवधि की बढ़त को सीमित कर सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहारी मांग, एफआईआई और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की सक्रिय खरीद और जीएसटी सुधारों ने अक्टूबर में बाजार के मनोबल को बढ़ाया। वीएसआरके कैपिटल के निदेशक स्वप्निल अग्रवाल ने कहा, सेंसेक्स और निफ्टी में 4.5 प्रतिशत से अधिक की तेजी मुख्य रूप से सरकार द्वारा हाल में किए गए जीएसटी सुधारों और बाजार भावना में सुधार के कारण रही। वाहन क्षेत्र में भी मजबूत बिक्री दर्ज की गई। मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और किआ इंडिया ने अक्टूबर में रिकॉर्ड घरेलू बिक्री की।

वर्ष 10, पूर्णांक 3404 अंक 214, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in